जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, शनिवार 7 सितम्बर, 2024

GROW WITH INDIA INVEST WITH KEDIA

# सितम्बर में 4 लाख MORE या



## दिवाली तक 15 लाख रेट बढ़ेगी

15

| जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | दिवाली पर | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लाख | + 2 लाख | + 3 लाख | + 4 लाख | + 5 लाख | = 15 लाख |

SOLD OUT - 3 BHK BIG KOTHI

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर



## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | दिवाली की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| यूनिट टाइप | साइज | | | | |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 61.65 LACS | 65.70 LACS | 72 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 68.50 LACS | 73.00 LACS | 80 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 75.35 LACS | 80.30 LACS | 88 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी (SOLD OUT) | 2000 Sq Ft | 82.20 LACS | 87.60 LACS | 96 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 95.90 LACS | 102.20 LACS | 112 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 137.00 LACS | 146.00 LACS | 160 LACS | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता। –स्वामी भजनानंद**

# पैकेज्ड खाद्य पदार्थ और एलोपैथिक दवाइओं पर लेबलिंग ( लिखित ) दोष को संज्ञान लेने वाला क्या कोई है?

मनुष्य शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार और गुणवत्ता पूर्ण दवाइयां अत्यन्त आवश्यक हैं; देश में जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी के अधिकाधिक उपयोग और उपभोक्तावाद के बढ़ते क्षेत्र से खाद्य और एलोपैथिक दवाई निर्माता उत्तरोत्तर उपभोक्ताओं के अहित में नित अधिक स्तर पर अपने द्वारा निर्मित उत्पादों में पैकेजिंग और उस पर लेबलिंग कारगुजारियां उपभोक्ता की आँख में धूल झोंकने के लिए करते दिख रहे हैं। दवाइयों की कीमतों में वृद्धि एक अलग मामला है जिस पर सरकार में बैठी सम्बंधित एजेंसी और उनके अधिकारीगण अपनी आँखें मूंदे यह सब होते देख रहे हैं। यह मेरा अपना दृष्टिकोण है कि हर तीन-चार महीने अंतराल से अधिकतम घोषित मूल्य अप्रत्याशित रूप से प्रत्येक नए बैच पर बढ़ा कर लिखा आता है। क्या इस मूल्य वृद्धि के लिए सरकार ने कोई निर्देश प्रसारित किये हुए हैं? फिर पैकेज पर बढ़ा हुआ अधिकतम मूल्य लिखा क्यों आता है? जिसका आशय है कि अमुक दवाई छपे हुए मूल्य से कम पर भी बेची जा सकती है। किन्तु यतार्थ में ऐसा होता नहीं है। अधिकांश दवा विक्रेता छपे हुए मूल्य पर ही दवा उपभोक्ता को बेचते हैं। जबकि वे अधिकतम छपे हुए मूल्य से सुविधापूर्वक 10 से 15 प्रतिशत कम पर दवा बेच सकते हैं। होलसेल डीलर्स न्यूनतम 30 प्रतिशत कम पर दवा रिटेलर्स को आपूर्ति करते हैं। फिर भी महत्वपूर्ण यह है दवाइयों की कीमते लागत मूल्य से कहीं अधिक मूल्य पर बेचीं जाती हैं।

खाद्य उत्पाद भी अब अधिक से अधिक पैकेज्ड करके ही बेचे जारहे हैं, परन्तु उन पर लेबलिंग अधिकांशतः त्रुटिपूर्ण होता है। आवश्यक जानकारी की ऐसी सूचना अधिक होती है जिसका उपभोक्ता से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं होता। निर्माण कर्ता और मार्केटिंग कर्ता का नाम प्रमुखता से लिखा मिलता है। लेबलिंग अथवा खाद्य में दोष होने पर इन दोनों में किसे अधिक उत्तरदायी ठहराया जायेगा? फ़सायी के डॉक्युमेंट्स पढ़ने पर इस बात का उल्लेख अथवा स्पष्टीकरण कहीं नहीं मिलता।

लेबलिंग के दोष में अक्षरों के आकार में असामान्यता और जरुरत से अधिक छोटा होना आम बात है। कोई उपभोक्ता उस विवरण को कई मामलों में बड़े दिखने वाले लेंस से भी नहीं पढ़ सकते । क्या फ़सायी इस बात से अनभिज्ञ है? क्या सभी उत्पादों के नवीन पॅकेजेड सैंपल के तौर पर फस्सायी भेजे जाते हैं ताकि उनकी गुणवत्ता उपभोक्ता की दृष्टि से आँकी जा सके। नित बढ़ते तकनिकी स्वरुप से बाजार में अनेक लेबलिंग दोष मिल जायेंगे। जो दोष सबसे अधिक दृष्टिगोचर होता है वह है अक्षरों की छपायी का, उदाहरण के लिए गहरे लाल अथवा हरे रंग की पृष्ठ भूमि पर काले अक्षरों में प्रिंट करना, ऐसा कभी पढ़ने में नहीं आ सकता । छपाई हमेशा कंट्रास्ट रंग पर ही हो। इसी प्रकार उपभोक्ता की सहूलियत के लिए सबसे पहले मूल्य, फिर निर्माण की तिथि, फिर बैच नंबर और बाद में एक्सपायरी तारीख का कंट्रास्ट जगह (सफ़ेद) पर काली स्याही से ऐसे अक्षरों में प्रिन्ट हो जिसे सुगमता से पढ़ा जा सके। अनेक बार निर्माण कर्ता या मार्केटिंग करनेवाला वजाय छापने के स्टाम्प (सील) लगा देते हैं जो कुछ समय पश्चात स्वतः मिट जाती है अथवा इतनी फीकी पड़ जाती है कि पढ़ने योग्य नहीं रहती।

> **आश्चर्य होता है कि मानव के शरीर के जांच की रिपोर्ट सेंसर आधारित नवीनतम उपकरणों से शीघ्र उपलब्ध हो जाती है। वास्तव में सरकार ने अभी तक उचित विशेज्ञता वाले विशेषज्ञ भी वांछित संख्या में नियुक्त नहीं किये हैं, तो प्रशिक्षण और नमूनों का विश्लेषण कौन करेगा ? जब मेडिकल प्रयोगशालाओं और क्लिनिक्स पर ब्लड का सैंपल सुबह लेकर रिपोर्ट दोपहर 2 बजे तक रोगी को प्रदान की जा सकती है तो खाद्य विश्लेषण की रिपोर्ट मिलने में कई सप्ताह क्यों?**

ऐसे सभी दोष जो उपभोक्ता के लिए उपयुक्त नहीं होते, वे सभी कानूनन विधि सम्बत नहीं हैं। सरकार ने खाद्य अपमिश्रण से सम्बंधित लगभग छः विभागों को परिवर्तित कर केवल एक बड़ा विभाग (फस्सायी) बना दिया लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस बड़े विभाग में सभी कार्यों का आवंटन सही प्रकार से किया नहीं गया। पूर्व में खाद्य पदार्थों में अपमिश्रण की बड़ी समस्या थी। फस्सायी बनने से उसमे कमी तो कोई आयी नहीं बल्कि अचानक दुकानों से सैंपल लेने की व्यवस्था भी नाम मात्र की रह गई है। जो केवल कतिपय बड़े उत्सवों तक ही सीमित रह गई है। गत वर्ष सरकार ने मोबाइल प्रयोगशालाएं प्रदेश में आरम्भ करने की योजना केन्द्र की अनुमति से आरम्भ करने का लक्ष्य रखा था जिसके लिए लगभग 450 करोड़ रुपये का प्रावधान भी कर रखा था। मैंनें आज तक एक भी ऐसी मोबाइल प्रयोगशाला प्रदेश में संचालित होते नहीं देखी। चूँकि सरकार को बजट लैप्स न हो तो उसे शीघ्र खर्च करने की मंशा रहती है। हो सकता है मोबाइल वैन सरकार ने क्रय कर ली हों लेकिन वांछित स्टाफ की कमी के रहते अभी चालू नहीं की हों, अथवा कहीं अन्यंत्र काम आ रही हो? फिर भी सरकार कुछ और अधिक व्यय करना चाहे तो एक न्यायविद और साथ में संलग्न करे ताकि अपराध या दोष पर न्याय त्वरित हो सके और फ़िज़ूल कोर्ट के चक्कर न लगाने पड़े। इस प्रकार खाद्य, दवाइयां आदि पर अनावश्यक भागदौड़ और खर्चे से बचा जा सकेगा।

खाद्यों में अपमिश्रण की सीमा का कोई अंत नहीं है। कीट नाशक की मौजूदगी भी सब्जिओं और फलों में होती ही है जो कैंसरकारक और अन्य बीमारीओं को उत्पन्न करते हैं। सभी कीटनाशक विषैले होते हैं उनका दुष्प्रभाव होना लाजमी है। इन सभी कमिओं की पूर्ति निर्माणकर्ता उपभोक्ता को भ्रमित करने के लिए लेबलिंग भ्रामक कर देता है। औषधिओं और पैकेज्ड खाद्य के समुचित रासायनिक व जैविक विश्लेषण की व्यवस्था अभी तक विकसित नहीं हो सकी है। इस पर सम्बंधित विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के लिए कोई प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था भी अभी तक नहीं की हुयी है। आश्चर्य होता है कि मानव के शरीर के जांच की रिपोर्ट सेंसर आधारित नवीनतम उपकरणों से शीघ्र उपलब्ध हो जाती है। उन उपकरणों को संचालित करने के लिए अभी हमारे विशेषज्ञ दक्ष नहीं हैं। क्योंकि उनेह पढ़ाई के दौरान ऐसे उपकरणों पर काम नहीं करवाया जाता। वास्तव में सरकार ने लगभग 10 से 15 वर्ष विभाग बनाकर अभी तक उचित विशेषग्यता वाले विशेषज्ञ भी वांछित संख्या में नियुक्त नहीं किये हैं, तो प्रशिक्षण और नमूनों का विश्लेषण कौन करेगा ? जब मेडिकल प्रयोगशालाओं और क्लिनिक्स पर ब्लड का सैंपल सुबह लेकर रिपोर्ट दोपहर 2 बजे तक रोगी को प्रदान की जा सकती है तो खाद्य विश्लेषण की रिपोर्ट मिलने में कई सप्ताह क्यों? फस्सायी सरकारी विभाग पर जनता के टैक्स से अर्जित धन के दुरूपयोग की यह एक बड़ी मिसाल है। यहाँ तक कि प्रयोगशालाएं भी नवीनतम उपकरणों से सज्जित नहीं हो सकी हैं और न ही वांछित योग्यता के ऐसे अनुभवी जो उन उपकरणों पर कार्य कर सकें। इस पूरे संधर्व में यह कहना कुछ हद तक सही होगा कि सरकार ने मानव जन सख्या में कमी करने की समुचित व्यवस्था येन केन प्रकारेण कर रखी है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो. वीर बहादुर सिंह, खाद्य विज्ञ व् पूर्व कुलपति,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# शौर्य, वीरता और धर्म के संस्थापक हैं गणपति



अंशु हर्ष

गणपति जी को हम प्रथम पूज्य मानते हैं और हर शुभ कार्य में उनकी पूजा-अर्चना सबसे पहले की जाती है। चाहे वह विवाह हो, घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन, या कोई अन्य मंगल कार्य, सबसे पहले गणपति जी की आराधना की जाती है। आमतौर पर गणेश जी की जो छवि हमारे मन में होती है, वह उन्हें विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति, माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र तथा कोमल हृदय बालक स्वरूप के रूप में प्रस्तुत करती है।

लेकिन गणपति केवल सौम्यता और बुद्धिमत्ता के प्रतीक नहीं हैं; वे वीरता और साहस के प्रतीक भी हैं। उन्होंने देवताओं की रक्षा के लिए दुरासद दैत्य का वध करके अपने साहस और वीरता का परिचय दिया। उनका यह स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि जब बुराई का अंत करना आवश्यक हो, तब गणपति जी साक्षात वीर योद्धा के रूप में भी प्रकट होते हैं। इस प्रकार, वे न केवल संकटों को दूर करने वाले और मंगलकारी देवता हैं, बल्कि साहस, शक्ति, और वीरता के प्रतीक भी हैं।

हुआ यूँ कि दैत्य दुरासद ने कठोर तपस्या की, जिसके फलस्वरूप भगवान शिव और माँ पार्वती ने उसे यह वरदान दिया कि कोई भी देवता उसका वध नहीं कर सकेगा। इस वरदान के कारण दुरासद ने देवताओं के जीवन को तहस-नहस कर दिया। देवता अपने दैनिक कार्य और पूजा-अर्चना तक शांति से नहीं कर पा रहे थे।

इस संकट से मुक्ति पाने के लिए सभी देवता एकमत होकर ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और उनसे समाधान मांगा। ब्रह्मा जी ने देवताओं से कहा कि तीनों लोकों में ऐसा कोई देवता नहीं है जो इस दैत्य का वध कर सके। लेकिन यदि स्वयं देवाधिदेव, जिनकी आज्ञा से ब्रह्मा, विष्णु, और महेश की उत्पत्ति हुई है, जो सम्पूर्ण सृष्टि में व्याप्त हैं और तीनों गुणों (सत्व, रजस, तमस) के स्वामी हैं, वे स्वयं माँ पार्वती के उदर से अवतरित हों, तो ही दुरासद दैत्य का वध संभव है। ब्रह्मा जी की बात सुनकर सभी देवता माँ पार्वती की स्तुति करने लगे। देवी प्रसन्न हुईं और उन्होंने देवताओं से कहा, "आप सब गणनायक गणेश जी की आराधना करें। वे सम्पूर्ण सामर्थ्य से सम्पन्न हैं और समस्त जगत के पालनहार हैं।" देवताओं ने गणेश जी की आराधना की, तब उन्हें एक आकाशवाणी सुनाई दी, "आप लोग चिंता न करें, उस दुरासद दैत्य का वध मैं करूँगा।" यह सुनकर देवताओं को संदेह हुआ क्योंकि उन्होंने किसी को देखा नहीं। देवताओं ने माँ पार्वती से कहा, "भगवान शंकर अभी ध्यान में हैं, हम अपनी बात किससे कहें?"

तभी देवी पार्वती के मुख और नेत्रों से एक तेजस्वी प्रकाश प्रकट हुआ। उस प्रकाश में देवताओं ने विनायक की अत्यंत तेजयुक्त विशाल मूर्ति देखी। सभी देवताओं और देवी ने विनायक की आराधना की। माँ पार्वती ने अपना वाहन सिंह गणेश जी को प्रदान किया और उनका नामकरण 'वक्रतुण्ड' किया।

उन विशालकाय गणपति ने अपनी माता पार्वती को प्रणाम किया और कहा, मेरा अवतरण वैदिक धर्म और कर्म की स्थापना के लिए हुआ है, और मैं दुरासद दैत्य का वध करने के लिए तत्पर हूँ। इसके बाद, गणेश जी ने क्रोध से दैत्य के साथ युद्ध आरम्भ कर दिया। यह युद्ध अत्यंत रोमांचकारी और भीषण था, जिसमें कभी तलवारों से, कभी मल्ल युद्ध के द्वारा, और कभी विभिन्न आयुधों से प्रहार होते रहे। दोनों ओर से समान रूप से शक्तिशाली आक्रमण होते रहे और युद्ध दिनों तक चलता रहा।

दैत्य दुरासद भगवान शंकर का स्मरण करते हुए युद्ध करता रहा। कई दिन बीत जाने के बाद भी गणेश जी की शक्ति उतनी ही प्रबल बनी रही। यह देख दुरासद को शंकर जी का दिया हुआ वरदान याद आया, जिसमें कहा गया था कि केवल शक्ति से उत्पन्न कोई देवता ही उसे पराजित कर सकता है। उसे एहसास हुआ कि यह देवता अवश्य वही हैं। तब गणपति ने अपना विराट रूप धारण किया और दुरासद को पकड़ लिया। गणेश जी ने कहा, शंकर जी के वरदान के कारण तुम्हारी मृत्यु नहीं हो रही है, लेकिन अब तुम काशी नगरी में पर्वत के समान स्थिर और निश्छल होकर रहोगे। दुरासद ने गणेश जी से सानिध्य की याचना की और विनम्रता से निवेदन किया, हे देव, आप अपने चरण मेरे शीश पर रख दें।

गणपति जी ने दैत्य पर विजय प्राप्त की और अपना चरण उसके शीश पर रख दिया। इसी विजय के कारण गणेश जी 'एकपाद विनायक' के नाम से प्रसिद्ध हुए। इस प्रकार, उन्होंने दुरासद दैत्य का अंत कर देवताओं और सम्पूर्ण ब्रह्मांड को संकट से मुक्त किया और धर्म की स्थापना की।

**–अंशु हर्ष,**
**( वरिष्ठ लेखक और साहित्यकार )**

# क्यों नहीं हो सकती महत्वपूर्ण पदों पर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों की नियुक्ति?



राजेन्द्र भाणावत

राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य बाबूलाल कटारा पेपर लीक मामले में गिरफ्तार।

राजस्थान लोक सेवा आयोग का पूर्व सदस्य रामू रायका एवं उसके पुत्र एवं पुत्री पेपर लीक के आरोप में गिरफ्तार। रायका के दोनों पुत्र-पुत्री, सभी परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुए किंतु उन्हें सब इंस्पेक्टर की परीक्षा का प्रश्न पत्र अपने पिता से प्राप्त हुआ और ये बहुत ऊंची रैंक से परीक्षा में सफल हो गए। संवाददाताओं द्वारा उनसे पूछे गए अत्यंत सरल प्रश्नों का भी वे उत्तर नहीं दे पाए। अब तक 36 प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टरों को पुलिस ने पेपर लीक के आरोप में गिरफ्तार किया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डीपी जारोली से रीट परीक्षा पेपर लीक मामले में गहन पूछताछ। रीट परीक्षा को रद्द किया गया।

नीट परीक्षा में एन टी ए ने मनमाने ढंग से बोनस अंक दिए। पहली बार नीट में 67 परीक्षार्थियों को शत प्रतिशत अंक प्राप्त। एन टी ए के अध्यक्ष वही व्यक्ति हैं, जिन पर, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगे किंतु उन्हें संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य एवं अध्यक्ष बनाया गया। पूजा खेड़कर को आरक्षण के लिए अयोग्य होने के बावजूद भी संघ लोक सेवा आयोग द्वारा योग्य मानते हुए नियुक्ति देने की सिफारिश की गई। अब इसे निरस्त किया गया है।

सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने सेबी के अतिरिक्त, आई सी आई सीआई से भी प्रतिवर्ष लगभग चार करोड रुपए की राशि प्राप्त की। रोहतक आईआईएम के निदेशक धीरज शर्मा को स्नातक में निर्धारित प्रथम श्रेणी प्राप्त न होने पर भी निदेशक नियुक्त किया गया। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में भारत सरकार द्वारा यह माना गया कि धीरज शर्मा इस पद हेतु योग्य नहीं थे। इसके बावजूद उन्हें निदेशक पद से नहीं हटाया गया। न केवल यह, धीरज शर्मा को 5 वर्ष के लिए एक बार फिर निदेशक आई आई एम रोहतक के पद पर नियुक्त कर दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार कई दिनों तक चुनाव के आंकड़े जारी नहीं किए गए। ऐसा उन पर सरकार के दबाव में करने का आरोप लगा। निर्वाचन आयोग पर आदर्श आचार संहिता का पालन करने में भी पक्षपात का आरोप लगा। उत्तराखंड में ऐसे वन अधिकारी को राजाजी अभ्यारण्य का मुखिया बनाया गया, जिसके विरुद्ध सरकार के वन मंत्री एवं मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से लिखा था। इन्हें अब उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद इस पद से हटना पड़ा है।

उपरोक्त समाचारों को पढ़कर ऐसा लगता है कि देश में योग्य ईमानदार व्यक्तियों का नितांत अभाव है।इसीलिए सरकार को महत्वपूर्ण पदों पर भ्रष्ट और अयोग्य लोगों को लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। वास्तव में ऐसा है नहीं है कि 145 करोड़ के देश में प्रमुख संस्थाओं के मुखिया के रूप में नियुक्ति हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों को कोई उपयुक्त व्यक्ति न मिले। समस्या यह है कि सत्ताधारी दल, 'अपने लोगों' को इन पदों पर बिठाना चाहता है, ताकि ये इनसे मनमाने ढंग से अपनी इच्छा अनुसार कार्य करवा सकें। ऐसा करके वे देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ ही कर रहे हैं।

सभी सरकारें, चाहे वे किसी भी दल की क्यों न हों, सुशासन देने की बात करती रही हैं। यह सर्व विदित है कि सुशासन देने का कार्य अच्छी कार्यपालिका के माध्यम से ही संभव है। कार्यपालिका में विभिन्न प्रकार के विभाग अभिकरण, चयन आयोग आदि सम्मिलित हैं। कार्यपालिका के निम्न पद से लेकर उच्चतम पद पर पदस्थापित व्यक्ति, जिन सेवाओं से आते हैं, उनके लिए चयन का कार्य मुख्य रूप से संघ लोक सेवा आयोग एवं विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोगों के द्वारा किया जाता है।राजस्थान में यह कार्य राजस्थान लोक सेवा आयोग के द्वारा होता है। इसके माध्यम से राज्य की प्रशासनिक सेवा, लेखा सेवा, पुलिस सेवा, एवं अन्य राज्य सेवाओं के साथ ही कई विभागों में नियुक्ति हेतु चयन भी इन्हीं के द्वारा किया जाता है।

जहां लोक सेवा आयोग के द्वारा चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साक्षात्कार के माध्यम से होता है, वहीं कई पद ऐसे भी होते हैं जहां पर सीधी नियुक्ति राज्य सरकारों अथवा केंद्र सरकार द्वारा अपने विवेक के अनुसार की जाती है, जैसे निर्वाचन आयुक्त, सीबीआई निदेशक, दूरदर्शन के महानिदेशक, सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष, सूचना आयोग के अध्यक्ष, निदेशक ई डी आदि, आदि। अब हम जरा यह देखने का प्रयास करें कि गत कुछ वर्षों में इन पदों पर नियुक्तियां क्या वास्तव में सर्वाधिक उपयुक्त और ईमानदार व्यक्तियों की, योग्यता के आधार पर की जा रही है ? इसका उत्तर निश्चित रूप से 'नहीं' है। उपरोक्त उद्धृत समाचार इसी की पुष्टि करते हैं कि नियुक्तियां अक्षम, अयोग्य और सत्ताधारी दल की चापलूसी करने वालों की हुई है।

राजस्थान में लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर हाल ही के वर्षों में जिस प्रकार के व्यक्तियों की नियुक्ति की गई, उसका परिणाम है कि उसके दो पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा एवं रामूराम रायका जेल में बंद है। बाबूलाल कटारा को प्रश्न पत्र पता था। उसने रामू राम रायका को बताया और उसने अपने पुत्र और पुत्री को यह प्रश्न पत्र उपलब्ध करा दिया। प्रेस के प्रतिनिधियों ने जब इन पुत्र और पुत्री को अति साधारण प्रश्न पूछे तो वे उनका उत्तर भी नहीं दे पाए, किंतु सब इंस्पेक्टर की परीक्षा में उन्होंने उच्च अंक प्राप्त किए और चयनित हो गए। अब तक लगभग 40 प्रशिक्षणार्थी सब इंस्पेक्टरों को पुलिस की एस ओ जी ने पेपर लीक आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कोई भी पेपर लीक, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष भागीदारी के बिना संभव नहीं है। जब अध्यक्ष ही अक्षय और अयोग्य लोगों को बनाया जाएगा तो वह कैसे कार्य कुशलता एवं गोपनीयता बनाए रखने में सफल हो पाएंगे? राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जितनी भी परीक्षाएं हाल ही में आयोजित की गई उन सब पर भी संदेह के बादल मंडरा रहें हैं। किसी भी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता ही समाप्त हो जाए तो फिर उसके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य पर संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है और यह किसी भी व्यवस्था के लिए अत्यंत घातक है।


सुशासन की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है कि सरकार संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग में निर्विवादित, पूर्ण सत्य निष्ठा वाले व्यक्तियों को नियुक्ति करे। ऐसा करते समय उन्हें अपने व्यक्तियों का ध्यान रखने की आवश्यकता नहीं है।जब इन संस्थानों में योग्य व्यक्ति पद स्थापित होंगे तो वे किसी प्रकार के स्वार्थ प्रलोभन या दबाव में नहीं आएंगे और तब उनके द्वारा किया गया चयन भी श्रेष्ठ व्यक्तियों का होगी। कोई लोक सेवक यदि भ्रष्टाचार करता है तो एक ही बार कुछ काली कमाई करता है जिसके लिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग उसके विरुद्ध कार्रवाई करता है, किंतु जब चयन करने वाली एजेंसी ही भ्रष्ट और अयोग्य लोगों से भरी होंगी तो इनके माध्यम से श्रेष्ठ और योग्य व्यक्तियों का चयन लगभग असंभव है और जो चयन होंगे वे आगामी 30-35 साल तक जनता का शोषण ही करते रहेंगे। इसी प्रकार सरकार द्वारा जहां सीधी नियुक्ति की जाती है, वहां भी ऐसा करते समय उन्हें अपने क्षुद्र स्वार्थ से ऊपर उठकर ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति करनी होगी जिनके बारे में किसी प्रकार की शंका न हो एवं जो अपने मेरुदंड को सीधा रखते हुए दबाव की परवाह किए बगैर अपना कार्य कर सकें। इस प्रकार की नियुक्तियां विशेष रूप से निर्वाचन आयोग, सीबीआई, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट, सूचना आयोग, सेबी, रिजर्व बैंक के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आवश्यक है हाल ही में सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच का प्रकरण सामने आया है जिसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा की गई थी। माधवी पुरी पर आरोप है कि उन्होंने सेबी के साथ ही अन्य संस्थाओं से भी करोड़ों रुपए का वेतन अनियमित रूप से प्राप्त किया। अब इनके विरुद्ध सेबी के 500 अधिकारियों ने सरकार को लिखा है।

उच्च शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय की नियुक्तियां भी इस बीमारी से अछूती नहीं हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति, यहां तक कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्तियां भी विशुद्ध राजनीतिक आधार पर की जा रही हैं। यह सही है कि जो दल सत्ता में होगा वह अपने पसंद के लोगों को लगाएगा किंतु ऐसा करते समय इतना ध्यान तो अवश्य ही रखें कि चयनित व्यक्ति अपने क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, उसकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हो एवं उसकी सत्य निष्ठा पर किसी प्रकार का कोई संदेह न हो। विश्वविद्यालय के कुलपतियों के चयन के लिए जो सर्च कमेटी बनाई जाती है उसमें सुविख्यात और ईमानदार ख्याति प्राप्त लोगों को रखा जाना चाहिए। यदि सर्च कमेटी में ही गलत प्रकार के व्यक्ति आ गए, तो वह पैनल भी गलत और अयोग्य व्यक्तियों का ही प्रस्तावित करेंगे। हमने देखा है कि शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के कुलपति भ्रष्टाचारों के आरोपों से गिरे रहे हैं। सरकार को यह भी करना होगा कि यदि इनमें से कोई भ्रष्ट आचरण में लिप्त पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करने में उसकी राजनैतिक विचारधारा का ध्यान रखे बिना उसे कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाए। क्या सरकार इतना भी नहीं कर सकती? यदि नहीं, तो फिर उसे सुशासन की बात करनी ही नहीं चाहिए। योग्यता और ईमानदारी का मापदंड, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक आदि महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति के लिए भी अपनाना चाहिए। उचित होगा कि, विभिन्न चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से चयनित व्यक्तियों की नियुक्ति से पूर्व उनका पूरा विस्तृत बायोडाटा वेबसाइट पर डाल दिया जाए। यदि उन पर किसी भी प्रकार की किसी को कोई आपत्ति हो तो उसकी जांच की जाकर पूरी तरह निष्कलंक व्यक्तियों का ही चयन पारदर्शिता के साथ किया जाय।

कुल मिलाकर हम यही अपेक्षा करते हैं कि सरकार, चयन प्रक्रिया को पूरा पारदर्शी बनाए एवं यह सुनिश्चित करे कि अपने क्षुद्र स्वार्थ को परे रखकर, उपलब्ध व्यक्तियों में से श्रेष्ठतम व्यक्तियों का चयन करे। ऐसा करके ही, वह इन संस्थाओं की खोई हुई विश्वसनीयता को पुनःलौटा सकेगी।

**–राजेन्द्र भाणावत,**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## राशिफल शनिवार 7 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र दिन 12:34 तक, ब्रह्म योग रात्रि 11:16 तक, विष्टि करण सायं 5:38 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग 12:34 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:34 से सूर्योदय तक है। भद्रा सायं 5:38 तक रहेगी। आज महागणपति चतुरथी है। आज गणपति पूजन का सर्वश्रेष्ठ समय दिन 11:28 से दिन 1:40 तक है। आज जैन संवत्सरी (चतुर्थी पक्ष) है। आज सौभाग्य चतुरथी है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:46 से 9:19 तक, चर 12:25 से 1:58 तक, लाभ-अमृत 1:58 से 5:04 तक।
**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:37



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**सिंह**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**धनु**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**वृष**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**तुला**
परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है।



**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यक्तिगत पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।



**कर्क**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# सीखने की निरंतरता बनी रहे यही व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक : गजेन्द्र सिंह

**■ गीतांजली यूनिवर्सिटी में कॉन्वोकेशन -2024 का आयोजन हुआ**

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली यूनिवर्सिटी द्वारा कॉन्वोकेशन-2024 का आयोजन गीतांजली यूनिवर्सिटी केनर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया। कॉन्वोकेशन के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय मंत्री, संस्कृति और पर्यटन (लोकसभा) भारत सरकार, गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन व गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल थे।

कॉन्वोकेशन के मुख्य अतिथि को प्रोसेशन द्वारा आदर-सत्कार से गीतांजली परिवार की नेतृत्व टीम में गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल, वाईस चेयरमैन कपिल अग्रवाल, एजीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, गीतांजली यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ एस.के लुहाडिया, रजिस्ट्रार मयूर रावल, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट व एकेडमिक काउन्सिल के सदस्यों ने नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में प्रवेश किया। इसके पश्चात् गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल ने कोन्वोकेशन का आगाज किया।

एजीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने कॉन्वोकेशन के लिए एकत्रित हुए सभी विद्यार्थियों व उनके माता-पिता का भी स्वागत किया। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय मंत्री, चांसलर जे.पी. अग्रवाल द्वारा गीतांजली यूनिवर्सिटी के एम.बी.बी.एस, फार्मेसी, नर्सिंग, डेंटल, फिजियोथेरेपी के 43 गोल्ड मेडल्स एवं 844 ग्रेजुएट्स, पोस्ट ग्रेजुएट्स व पी.एच.डी विद्यार्थियों को डिग्रीयां प्रदान की गयी। 5 बेस्ट ग्रेजुएट्स को भी गोल्ड मेडल्स भी प्रदान किये। साथ ही मानद डाक्टरेड की उपाधि से एमेरिडस प्रोफेसर्स उपाधि पूर्व वाईस चांसलर डा.एफ.एस. मेहता, सीनियर न्यूरोलोजिस्ट डॉ. ए.ए. सैफी को उनके चिकित्सा क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. एस.के.लुहाडिया ने एनुअल रिपोर्ट पेश की। जे.पी. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमता का है। हमें स्वास्थ्य सेवा में सक्रिय सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। जे.पी. अग्रवाल ने गीतांजली यूनिवर्सिटी व हॉस्पिटल की उपलब्धियों को भी साझा किया और साथ ही आने वाले समय में गीतांजली यूनिवर्सिटी को इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड पर ले जाने की बात की।

मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने गीतांजली यूनिवर्सिटी के सभी फैकल्टी को धन्यवाद प्रेषित किया और उनके द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए मार्गदर्शन की वजह से आज उनको ये मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि आज गीतांजली यूनिवर्सिटी मेडिकल व शिक्षा के क्षेत्र में पूरा भारतवर्ष में जाना पहचाना नाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भगवान को हेल्थकेयर प्रोफेशनल बनाने के लिए धन्यवाद करना चाहिए और सदा विनम्रता से रोगी के इलाज के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी भाव बना रहना अति आवश्यक है जिससे सीखने की निरंतरता बनी रहती है और इसी से ही व्यक्ति का विकास होता है। वोट ऑफ थैंक्स रजिस्ट्रार मयूर रावल द्वारा प्रेषित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी फैकल्टी मेंबर्स को उनके अथक प्रयासों और हर छात्र को उनके करियर के लिए, मार्गदर्शन करने और एक अच्छा इंसान बनाने के लिए धन्यवाद किया और साथ ही कोन्वोकेशन- 2024 संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदीची कटारिया ने किया।




गीतांजली यूनिवर्सिटी में कॉन्वोकेशन-2024 में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, गीतांजलि के चैयरमेन जे. पी. अग्रवाल ने उपाधियां प्रदान की।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 | वर्षः 29 संख्याः 39 | प्रभात | अजमेर, शनिवार 7 सितम्बर, 2024 | आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

## मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करने का सिलसिला जारी रखा

### पुणे में 6 सितम्बर को संघ के एक पुराने वफादार कार्यकर्ता की स्मृति में आयोजित एक समारोह में भी उन्होंने मोदी पर व्यंग कसा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अगस्त। आर.एस.एस. सरसंघचालक मोहन भागवत की इस ताजातरीन टिप्पणी का क्या मतलब निकाला जा सकता है कि "इस प्रश्न का निर्णय जनता ही करेगी कि हम ईश्वर बनेंगे अथवा नहीं?" भागवत ने आज पुणे में कहा, "हमें यह घोषणा नहीं करनी चाहिये कि हम भगवान बन गये हैं।" भागवत आर.एस.एस. के स्वयंसेवक शंकर दिनकर काणे तथा 1970 के दशक में किये गये तथा उनके नेक कार्यों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम स्मरणोत्सव में बोल रहे थे। "भैयाजी" के नाम से प्रसिद्ध काणे ने 1971 में मणिपुर में बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कार्य किया था। वे मणिपुर के बच्चों को महाराष्ट्र भी लाये थे तथा उनके ठहरने आदि की व्यवस्था की थी। भागवत ने भाजपा-शासित मणिपुर के हालात "मुश्किल और चुनौतीपूर्ण" भी बताये।

- भागवत ने कहा, हमें भगवान जैसा सम्मान मिले या नहीं यह निर्णय जनता लेगी, हम अपने आप कैसे ले सकते हैं।
- खाई बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि केरल में संघ के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के पूर्व प्र.मंत्री मोदी ने भी चौथी बार, प्र.मंत्री बनने की संभावना जतायी।
- भागवत प्र.मंत्री मोदी के इस वक्तव्य को भी सही नहीं मानते कि तीन बार प्र.मंत्री बनना, मोदी की व्यक्तिगत सफलता है और इस सफलता का कारण आर.एस.एस. नहीं।
- भागवत ने इस संदर्भ में पुणे में यह भी कहा कि कुछ लोग चाहते हैं कि कार्यकर्ता को आसमान की बिजली की तरह "चमकना" और कौंधना चाहिये, पर, वे लोग यह भूल जाते हैं कि बिजली के कौंधने के बाद, पहले से भी ज्यादा अंधकार महसूस होता है। अतः कार्यकर्ता को दिये की भांति शांति से जलते रहना चाहिये और अंधकार लगातार कम करना चाहिए।

हाल ही के महीनों में भागवत द्वारा की गई गूढ़ टिप्पणियों के परिप्रेक्ष्य में, उनका पुणे का भाषण भी प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके भक्तों को लक्ष्य करके दिया गया प्रतीत होता है।

आर.एस.एस. के साथ बिगड़े हुये संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से भाजपा नेतृत्व तथा केन्द्र सरकार ने हाल ही के महीनों में बहुत से कदम उठाये हैं। भाजपा शासित ज्यादातर राज्यों में, अब आर.एस.एस. और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधित्व वाली समन्वय समितियाँ गठित कर दी गईं हैं। कुछ सप्ताह पहले ही, सरकार ने भागवत की सुरक्षा को गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सुरक्षा व्यवस्था के समकक्ष बनाने के लिये, उसका स्तर एवं श्रेणी बढ़ाकर दी है। इससे पूर्व, सरकार ने एक अधिसूचना जारी करके वह रोक भी हटा दी थी, जो सरकारी कर्मचारियों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के 5 साल के सभी टैंडरों की जाँच की जाए'

जयपुर, 6 सितंबर। डिपार्टमैंट ऑफ इन्फॉर्मेशन टैक्नॉलजी (डी.ओ.आई.टी.) के तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) की ओर से पेश एफ.आर. को विशेष न्यायालय की ओर से मंजूर करने के मामले में ए.सी.बी. के डी.जी. रवि मेहरडा हाईकोर्ट में पेश हुए। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा, आप यह क्यों नहीं देखते कि डी.ओ.आई.टी. सबसे अधिक भ्रष्टाचार वाला विभाग है। वहां तो इतना भ्रष्टाचार है कि लोगों के पास घरों में सोना रखने की जगह नहीं बची है, इसलिए वे ऑफिस में सोना रखते हैं। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से ए.सी.बी. को कहा कि वह विभाग के बीते पांच साल के सभी टैंडरों की जांच करे और चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करे। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश, एफ.आर. स्वीकार करने के ए.सी.बी. कोर्ट के आदेश के खिलाफ पेश, टी.एन.

- विशेष अदालत ने एक अधिकारी के खिलाफ मामले की सुनवाई में ए.सी.बी. को यह निर्देश दिया तथा जाँच रिपोर्ट पेश करने को कहा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सेबी चेयरमैन माधवी बुच ने 2.16 करोड़ रूपए का भुगतान लिया वोकहार्ट कम्पनी से'

### कांग्रेस के अनुसार, यह 2018 से 2024 के बीच की बात है, जब सेबी वोकहार्ट कम्पनी के विरूद्ध जाँच कर रही थी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। कांग्रेस पार्टी ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर आज कुछ नए खुलासे किए और दावा किया कि माधवी को वोकहार्ट लिमिटेड कम्पनी से सम्बंधित एक इकाई से रैंटल इनकम होती थी। यह कम्पनी इनसाइडर ट्रेडिंग व अन्य नियमोल्लंघन के लिए सेबी की जांच के दायरे में थी।

- कांग्रेस ने यह भी कहा कि यह भुगतान, सेबी के हितों के टकराव संबंधी कोड 2008 के विरूद्ध है। यह कोड सेबी सदस्यों पर लागू होता है।
- संसद की पब्लिक अकाउन्ट्स कमेटी के अध्यक्ष वेणुगोपाल ने कहा, कमेटी इस बात पर शीघ्र निर्णय लेगी कि सेबी चेयरमैन बुच को उनके खिलाफ लगे आरोपों के बारे में पूछताछ के लिये कब बुलाया जाये।

कांग्रेस का कहना है कि यह सेबी के सदस्यों के लिए वर्ष 2008 में बने "कोड ऑन कॉनफ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रैस्ट" का स्पष्ट उल्लंघन है।

कांग्रेस के मीडिया एण्ड पब्लिसिटी डिपार्टमैंट प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि 2018 से 2024 के बीच माधवी ने पहले तो सेबी की सदस्य के रुप में बाद में सेबी की अध्यक्ष के रुप में वोकहार्ट लिमिटेड से जुड़ी कम्पनी कैरोल इन्फो सर्विस से 2.16 करोड़ रु. लिए थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि माधवी ने यह वित्तीय रिश्ता तब भी कायम रखा जब वे वोकहार्ट की अनियमितताओं की सेबी जांच की निगरानी कर रही थी। यह सीधे तौर पर हितों के टकराव का मामला है।

पवन खेड़ा ने कहा कि सेबी अध्यक्ष की नियुक्ति 2 मार्च 2022 को हुई थी कैबिनेट की अपॉइन्टमैंट कमेटी ने की थी।

इस कमेटी के प्रमुख प्रधानमंत्री होते हैं। क्या उनकी नियुक्ति इस शर्त पर हुई थी कि अगर वे प्रधानमंत्री व उनके करीबियों के इशारे अनुसार चलीं तो अपने पुराने वित्तीय सम्बंध कायम रख सकेगी?"

कांग्रेस ने उन्हें तुरंत बर्खास्त और उनके कृत्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि सवाल असल में प्रधानमंत्री से पूछे जाने थे। आखिर और कितने सबूत चाहिए, कि सेबी पारदर्शिता और साख औंधे मुंह गिर पड़ी है।

रमेश ने बताया कि एन.एस.ई. के डेटा के अनुसार तकरीबन दस करोड़ भारतीय हैं जिनके पास यूनिक पैन है और उन्होंने किसी ना किसी तरीके से बाजार में निवेश कर रखा है। क्या उनके साथ न्याय नहीं होना चाहिए, आखिर उन्हें डर किस बात का है।

माधवी के खिलाफ हितो के टकराव के आरोपों पर उठे राजनैतिक विवाद को देखते हुए संसद की पब्लिक एकाउन्ट कमेटी (पी.ए.सी.) ने तय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस जॉइन की

### फोगाट हरियाणा से विधानसभा चुनार लड़ सकती हैं और पूनिया को प्रचार कमेटी में पद दिया जाएगा

-डॉ. सीतश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार शाम कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली इससे हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी लाभ मिलेगा।

कांग्रेस महासचिव(संगठन) के.सी.वेणुगोपाल और पार्टी की मीडिया सैल के प्रमुख पवन खेड़ा ने उनका स्वागत किया फोगाट विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं और पूनिया को प्रचार कमेटी में पद दिया जा सकता है।

ये दोनों हाल ही में दिल्ली में राहुल गाँधी से मिले थे।

पूनिया और फोगाट उन पहलवानों में शामिल थे, जिन्होंने रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया था और बृजभूषण पर युवा महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का आरोप लगाया था।

- पिछले दिनों विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया नई दिल्ली में राहुल गांधी से मिले थे तब से ही उनके कांग्रेस जॉइन करने की चर्चा चल रही थी।
- कांग्रेस को उम्मीद है कि फोगाट व पूनिया के आने से कांग्रेस को न केवल हरियाणा के विधानसभा चुनावों में जाट वोटों का लाभ मिलेगा, बल्कि, राजस्थान, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि कुश्ती फैडरेशन के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों और उस पर हुए आंदोलन में विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने सक्रिय भूमिका निभाई थी।

दोनों पहलवानों की राहुल गांधी से भेंट के बाद भाजपा की व पीड़ा उस समय सामने आई जब केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर को यह कहते उद्घृत किया गया, "मुझे लगता है कि विरोध-प्रदर्शन के दौरान हमारे एथलीट एक राजनीतिक भूलभुलैया में फंस गए। उस समय जो शुरू हुआ वो अब अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच रहा है। पहलवानों का विरोध राजनीति से प्रेरित था। ये लोग (पहलवान) कांग्रेस से टिकट मांग रहे हैं। इसका मतलब है, कोई सांठ-गांठ है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'असंगठित और निजी क्षेत्रों में महिलाओं को 6 माह की मैटरनिटी लीव दी जाए'

जयपुर, 6 सितंबर। राजस्थान हाई कोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार को कहा है कि असंगठित और निजी क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने के लिए निर्देश दिए जाएं। इसके साथ ही अदालत ने रोडवेज़ में कार्यरत याचिकाकर्ता महिला को 90 दिन के बजाए 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने को कहा है। अदालत ने कहा कि यदि समय बीतने के कारण 90 दिनों का बढ़ा हुआ अवकाश देना संभव नहीं हो तो उसे इस अवधि का अतिरिक्त वेतन मुआवज़े के तौर पर दिया जाए। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश मीनाक्षी चौधरी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

- राजस्थान हाई कोर्ट ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार को कहा है कि इस संबंध में संबंधित कम्पनियों को निर्देश जारी करें।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मातृत्व लाभ केवल वैधानिक अधिकारों या नियोक्ता व कर्मचारी के बीच समझौते से प्राप्त नहीं होते हैं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सरकार चुनी जा चुकी है, चुनाव में क्या हुआ यह कहानी खत्म हो गई है'

### सुप्रीम कोर्ट ने एग्ज़िट पोल प्रसारण के लिए मीडिया हाउसेज़ की जाँच के लिए दायर याचिका खारिज करते समय टिप्पणी की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन मीडिया प्रतिष्ठानों तथा उनके सहयोगियों/कम्पनियों के खिलाफ जाँच कराये जाने की मांग की गई थी, जिन्होंने लोकसभा चुनावों के अन्तिम चरण के समापन के तुरन्त बाद, एग्ज़िट पोल टेलीकास्ट कर दिये थे, तथा इसके फलस्वरूप स्टॉक मार्केट में जबरदस्त उछाल आया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, अब हमें शासन पर ध्यान देना है, चुनाव में क्या हुआ उससे चुनाव आयोग निपटेगा।
- सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता बी.एल. जैन ने याचिका दायर कर मांग की थी कि चुनाव खत्म होने के बाद एग्ज़िट पोल प्रसारित करने वाले टी.वी. चैनलों की जाँच की जाए, क्योंकि, इससे शेयर बाज़ार से उछाल आया था, जो चुनाव नतीजे आने के बाद औंधे मुँह गिर पड़ा था।

एडवोकेट बी.एल.जैन द्वारा दायर की गई इस याचिका को खारिज करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की बैंच ने कहा कि यह जनहित याचिका साफ तौर पर राजनैतिक हित में लगाई गई याचिका है।

बैंच ने अपने आदेश में कहा, "सरकार चुनी जा चुकी है। अब हमें ये बातें बिल्कुल बंद कर देनी चाहिए कि चुनावों के दौरान क्या हुआ था, अब हमें देश के शासन-प्रशासन पर आ जाना चाहिए। इस बिन्दु से चुनाव आयोग निपटेगा और चुनाव आयोग को चलाने वाले हम नहीं हैं। यह साफ तौर पर राजनैतिक हित सम्बंधी याचिका है। यह खारिज की जाती है।"

पी.आई.एल. में उन मीडिया प्रतिष्ठानों तथा उनके सहायकों/कम्पनियों की जाँच की माँग की गई, जिन्होंने लोकसभा चुनावों के अन्तिम चरण के समापन के तुरन्त बाद, एग्जिट पोल टेलीकास्ट कर दिये थे। कथित रूप से, इससे निवेशक प्रभावित हुए तथा उन्हें 31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद, शेयर बाजार धड़ाम से गिर गया था।

जून में दायर की गई इस याचिका में कहा गया था, "किसी भी समाचार/बहस/कार्यक्रम के टेलीकास्ट में किसी राजनैतिक दल के पक्ष या विपक्ष में कोई निष्कर्ष/संकेत दिया ही नहीं जाना चाहिए।

दुर्भाग्य की बात है कि अनियन्त्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एक व्यावसायिक उद्योग के रूप में काम कर रहा है तथा इसे एक राजनैतिक दल द्वारा किसी अन्य राजनैतिक दल के खिलाफ काम में लिया जाता है।

याचिकाकर्ता ने कहा था कि भविष्यवाणी/एग्ज़िटपोल "रिप्रजेन्टेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट, 1951 की धारा 126ए तथा भारत के चुनाव आयोग द्वारा 2 अप्रैल, 2024 को जारी की गई गाइडलाइनों का पूर्णरूपेण उल्लंघन है।

## भारत ने अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली, 4 सितंबर। भारत ने अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके चीन-पाकिस्तान की टेंशन और बढ़ा दी है। जिस तरह से चीन के साथ भारत का सीमा विवाद चल रहा ऐसे में ये परीक्षण बेहद अहम माना जा रहा है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया गया। इस परीक्षण ने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। अग्नि-4 की मारक क्षमता जबरदस्त है।

- इस मिसाइल की रेंज में पूरा पाकिस्तान शामिल है। इसकी मारक क्षमता 4 हजार किलोमीटर से भी अधिक है।

इसकी 4000 किलोमीटर है।

रक्षा मंत्रालय की ओर से बताया गया कि 6 सितंबर यानी शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित परीक्षण रेंज से इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -4 का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस लॉन्चिंग में अग्नि-4 मिसाइल ने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह स्ट्रेटेजिक फोर्सेज कमांड के तत्वावधान में किया गया। अग्नि-4 का ये परीक्षण करीब दो साल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'टायर फटने से दुर्घटना "एक्ट ऑफ गॉड" नहीं'

जयपुर, 6 सितंबर। जयपुर जिले की मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्युनल (एम.ए.सी.टी.) मामलों की विशेष अदालत ने कहा कि बस का टायर फटने और डिवाइडर से बस टकराने पर हुई दुर्घटना को "एक्ट ऑफ गॉड" नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि बस की दुर्घटना चालक द्वारा तेज गति

- मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्युनल मामले की विशेष अदालत ने कहा कि बस का टायर फटने और डिवाइडर से टकराने का कारण, ड्राइवर द्वारा तेज गति से बस चलाना था। इसलिए बीमा कंपनी आश्रितों को 1.65 करोड़ रूपए का हर्जाना दे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर.जे.डी. की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया

### आर.जे.डी. ने बिहार में आरक्षण वृद्धि रद्द करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) की याचिका पर शुक्रवार को बिहार सरकार तथा अन्य को नोटिस जारी कर दिये। आर.जे.डी. की याचिका में पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यधिक पिछड़े वर्गों तथा अन्य पिछड़े वर्गों को नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थाओं में दिये गये आरक्षण को बढ़ाने के राज्य सरकार के संशोधनों को अमान्य कर दिया गया था।

बिहार सरकार तथा अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की बैंच ने आर.जे.डी. की याचिका को उसी प्रकार की एक अन्य मामले के साथ जोड़ दिया।

पटना उच्च न्यायालय ने अपने 20 जून, 2024 के आदेश के द्वारा "बिहार रिज़र्वेशन ऑफ वैकेन्सीज़ इन पोस्ट्स एण्ड सर्विसेज़ (फॉर शिड्यूल्ड ट्राइब्स एण्ड अदर बैकवर्ड क्लासेज़) अमैन्डमेन्ट एक्ट, 2023 तथा बिहार रिज़र्वेशन (इन एड्मीशन टु एजुकेशनल इन्स्टीट्यूशंस) अमैंन्मेंट एक्ट, 2023 को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 तथा 16 का उल्लंघन मानते हुए, रद्द कर दिया था।

- बिहार विधानसभा ने वर्ष 2023 में एक संशोधन कर नौकरियों व उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति व ओ.बी.सी. के आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया था।
- पर, पटना हाइकोर्ट ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 का उल्लंघन मानते हुए रद्द कर दिया था।
- बिहार सरकार ने भी पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

बिहार सरकार ने भी हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।


बिहार विधानसभा ने 2023 में इन दोनों अधिनियमों में संशोधन किया था तथा नौकरियों और उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में एस.सी./एस.टी. तथा ओ.बी.सी. कोटा आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया था।

आरक्षण में की गई यह वृद्धि उस जातिगत सर्वे के नतीजे पर आधारित थी, जो राज्य में कराया गया था। अनुसूचित जातियों का आरक्षण 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में 2 प्रतिशत वृद्धि, अत्यधिक पिछड़े वर्गों को आरक्षण में 25 प्रतिशत तथा पिछड़े वर्ग का आरक्षण 18 प्रतिशत कर दिया था।

जिस समय आरक्षण बढ़ाने के लिये इन कानूनों में संशोधन किया गया था, उस समय नीतीश कुमार का जनता दल-यूनाइटेड उस महागठबन्धन का हिस्सा था, जिसमें आर.जे.डी. तथा कांग्रेस शामिल थे।

# बीसलपुर बांध के चार गेट खोलकर 54090 क्यूसेक पानी छोड़ा

## जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने पवित्र पुष्कर सरोवर का जल बीसलपुर बांध के पानी में मिलाया और गेट खोले



बीसलपुर बांध के चार गेट खोलकर 54090 क्यूसेक पानी की निकासी शुरु की।

**देवली, (निसं)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत एवं पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी ने शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना के साथ बीसलपुर बांध के चार गेट खोलकर 54090 क्यूसेक पानी की निकासी की। बांध के 8, 9, 10, 11 नंबर के गेट खोले गये हैं। आखिरकार दो वर्ष के लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को बीसलपुर बांध के चार गेट खोल दिये गये। वहीं बांध के गेट खोलने से पहले राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने पवित्र पुष्कर सरोवर का जल बांध के पानी में मिलाया और इसके साथ ही बांध के गेट खोले गए। रावत ने कहा कि इस बार राजस्थान पर इंद्र देवता की असीम कृपा है, इसलिए बीसलपुर बांध सहित प्रदेश के अधिकांश बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बीसलपुर बांध के भर जाने से अब तीन जिलों के लोगों को मांग के अनुरूप पेयजल की सप्लाई की

- **बीसलपुर बांध के निर्माण से लेकर अब तक सात बार बांध के गेट खोले जा चुके है**

जा सकेगी। रावत ने बांध के निकट स्थित शिव मंदिर में भी जलाभिषेक किया।

जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध की बनास नदी के कैचमेंट और ऊपरी माल मेवाड़ क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण बीसलपुर बांध में भी लगातार पानी की आवक बनी हुई है। शुक्रवार को प्रात : नौ बजे बीसलपुर बांध के जलाशय भंडारण की क्षमता 315.50 मीटर का भराव हो जाने के बाद जल संसाधन कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत एवं पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बीसलपुर बांध के गेट नंबर 9 और 10 को खोलकर 12020 क्यूसेक पानी बनास नदी में बनास नदी में छोड़ा गया।

बीसलपुर परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार बंसल ने बताया कि बीसलपुर बांध के 8, 10, 11 गेट दो-दो मीटर, 9 नंबर गेट तीन मीटर तक खोलकर 54090 क्यूसेक पानी को बनास नदी में छोड़ना प्रारंभ किया है, ऐसे में बनास नदी के ऊपरी माल एवं कैचमेंट एरिया में बारिश का दौर जारी रहने पर बांध में भराव क्षमता से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं बांध में पानी की भराव क्षमता से अतिरिक्त पानी की आवक होने के अनुसार गेट खोलने की ऊंचाई घटाई बढ़ाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि बीसलपुर बांध के निर्माण से लेकर अब तक कुल सात बार बांध के गेट खोले जा चुके हैं। शुक्रवार को गेट खोलने के दौरान स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन भी मुस्तैद बना रहा। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत बीसलपुर बांध पर 10:30 बजे पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात 11 बजे मंत्री रावत एवं पूर्व मंत्री सैनी ने बीसलपुर बांध के कंट्रोल रूम में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बांध के गेट खोल कर पानी की निकासी शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मेवाड क्षेत्र में शुक्रवार को भी बारिश का दौर जारी रहा और त्रिवेणी का गेज 4.20 मीटर पर बना रहा। इससे बांध में पानी की आवक होती आ रही है। इस मौके पर जिला कलेक्टर डोक्टर सौम्या झा, डीवाईएसपी राम सिंह जाट, उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा, अधीक्षण अभियंता वीएस सागर, अधिशासी अभियंता मनीष बंसल, थाना प्रभारी राजकुमार नायक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास अधिकारी पर कमीशन मांगने के आरोप लगाये

**अलवर, (निसं)।** उमरैण पंचायत समिति के सरपंच संघ ने विकास अधिकारी पर कार्य नहीं करने, धमकाने एवं कमीशन मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए उनका तबादला करने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री को एक पत्र लिखा है।

पंचायत समिति उमरैण के सरपंच संघ द्वारा लिखे पत्र में उन्होंने मंत्री को बताया कि उमरैण पंचायत समिति में तैनात विकास अधिकारी सुशीला यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास अधिकारी सरपंचों को नाजायज परेशान करती रहती है, विकास कार्यों को समायोजन नहीं करती है, माह पुस्तिका समय पर जारी नहीं करती, टैंडरों का वर्क आर्डर रोककर रखती है। इस कारण विकास कार्य समय पर नहीं हो पा रहे है। सरपंचों ने विकास अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे विकास कार्यो के समायोजन, वर्क आर्डर या मासिक पुस्तिका भरने पर भी सरपंचों से कमीशन की मांग करती है।

सरपंच संघ उमरैण द्वारा लगाए आरोपों पर जब विकास अधिकारी पंचायत समिति उमरैण सुशीला यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि सरपंच मुझ पर नाजायज काम करवाने के लिए दबाव डालते है जो कि नियम विरुद्ध होते है वे चाहते है कि उनके द्वारा किए जा रहे फर्जी काम होते रहे लेकिन मैं उनके कामों को नहीं होने देती तो वे मुझे मानसिक प्रताड़ित करने की नीयत से परेशान करना चाह रहे हैं। अगर इन आरोपों में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो वे सबूत पेश करे मैं सजा पाने को तैयार हूं ना कि एक महिला अधिकारी को मानसिक प्रताड़ित किया जाए।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल राजलदेसर, जिला चुरू (राज.)**
E-Mail :- raj.churu.bika@gmail.com, Phone Number :- 01567-294504
क्रमांक :- न.पा.रा./2024-25/5916 दिनांक :- 05/09/2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for 01 work is invited from interested and eligible bidders up to 11/09/2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in).

UBN No. : DLB2425WSOB07325, NIB Code : DLB2425A2273

राज.संवाद/सी/24/4830 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजलदेसर



**कार्यालय नगर परिषद, करौली (राज.)**
फोन न0 07464-294024, ई-मेल आईडी :- np.karauli@yahoo.com, website : www.npkarauli.com
क्रमांक :- न0प0क0/ई-निविदा/2024/1559 दिनांक :- 30/08/2024

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली की ई-निविदा सूचना संख्या 1438 दिनांक 17.08.2024 के द्वारा 05 कार्यो की आमंत्रित ई-निविदा सूचना तकनीकी कारणवश ई-निविदा की तिथिओं में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने / डाउनलोड की तिथि | 22.08.2024 | 06.09.2024 |
| 2 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 02.09.2024 | 22.09.2024 |
| 3 | भौतिक दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि | 03.09.2024 | 23.09.2024 |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 04.09.2024 | 24.09.2024 |

राज.संवाद/सी/24/4829 आयुक्त, नगर परिषद करौली



**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी (राज.)**
क्रमांक :- 3031 दिनांक :- 27/08/2024

**ई-निविदा सूचना /2024-25**

नगर परिषद गंगापुर सिटी की ओर से राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निम्नलिखित वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://www.rajasthan.gov.in पर अपलोड व डाउनलोड किये जा सकते है।

| क्र. सं. | विकास कार्य का विवरण | अनु. राशि (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्य योजना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | श्री गोपाल गौशाला गंगापुर सिटी में चारा भण्डार गृह निर्माण करने का कार्य | 10.00 लाख | 20000 | 500/- | 4 माह |
| 2. | एम्बुलेन्स क्रय का कार्य | 09.00 लाख | 18000 | 500/- | 1 माह |

| | |
|---|---|
| निविदा शुल्क | 500/- (50 लाख रूपये से अधिक के लिये 1000/-) |
| एम.डी. आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग फीस | 500/- (50 लाख रूपये से अधिक के लिये 1000/-) |
| निविदा प्रकाशन की दिनांक व समय | 02.09.2024 सायंकाल 5 बजे |
| निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | 05.09.2024 सायंकाल 5 बजे |
| निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय | 16.09.2024 प्रातः 11 बजे |
| निविदा, अमानता, प्रोसेसिंग फीस भौतिक रूप से जमा कराने की दिनांक व समय | 16.09.2024 दोपहर 12 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 17.09.2024 सायंकाल 5 बजे |

नोटः- निविदा की पृथक धरोहर राशि व निविदा शुल्क डी.डी./बैंकर्स चैक दोनों आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी के नाम से एवं प्रोसेसिंग फीस, एमडी आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम से देय होगा। निविदा शर्तों के जी-शिड्यूल कार्य दिवस में कार्यालय में देखे जा सकते है। कार्य आदेश वित्तीय स्वीकृति के अधीन रहेंगे।

राज.संवाद/सी/24/4825 सभापति आयुक्त



**कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर (राजस्थान)**
क्रमांक/न.प.स.मा./श्री अन्नपूर्णा र. यो./EOI/2024/10171 दिनांक:- 05.09.2024

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expressions of Interest-EoI)**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संकल्प "लक्ष्य अंत्योदय-प्रण अंत्योय-पथ अंत्योदय" को साकार करने के लिए राजस्थान सरकार से जारी आदेशो एवं दिशा-निर्देशो की अनुपालना में श्री अन्नपूर्णा रसोईयों का संचालन किया जा रहा है।

सवाई माधोपुर जिले की समस्त नगर निकायो में कुल 22 श्री श्री अन्नपूर्णा रसोईयों का संचालन किया जा रहा है, निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नगर परिषद सवाई माधोपुर में 04, नगर परिषद गंगापुर सिटी में 04, नगरपालिका बामनवास में 03 एवं नगरपालिका बौंली में 01 रसोई का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया है। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के सचांलन के मूल उदेश्य न्यूनतम लागत राशि पर जरुरतमंद आमजन को सेवाभाव के आधार पर भोजन उपलब्ध कराना है।

अतः सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि उक्त विषयक व्यावसायिक हित के स्थान पर सेवाभाव के आधार पर सवाई माधोपुर जिले के शहरी क्षेत्र में नगर परिषद सवाई माधोपुर में 04, नगर परिषद गंगापुर सिटी में 04, नगरपालिका बामनवास में 03 एवं नगरपालिका बौंली में 01 रसोई कुल 12 श्री अन्नपूर्णा रसोईयो के संचालन हेतु कार्य करने के लिए इच्छुक संस्थान/दानदाता/एन.जी.ओ. आदि यानि कार्यरत प्रतिष्ठित गैर शासकीय/धार्मिक/ स्वय सेवी कल्याणकारी संस्था/सहकारी संस्था/फर्म/कार्पोरेट/स्थानीय स्वंय सहायता समूह/क्षेत्र स्तरीय संघ/नगर निकाय संघ इत्यादि (आवेदक) से श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालक संस्थान के रुप में सूचीबद्ध एवं चयन करने हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन-पत्र मय प्रस्ताव बंद लिफाफे में इस कार्यालय के द्वारा दिनांक 06.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 20.09.2024 को सांय 5:00 बजे तक इस अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expressions of Intrest-EoI) के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।

| क्रस | नगर निकाय | रसोई स0 | श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालन हेतु स्थान व भवन का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद सवाई माधोपुर | 1073 | SAI NAGAR , CEMENT FACTORY , SAWAIMADHOPUR, S |
| 2. | नगर परिषद सवाई माधोपुर | 1186 | GOVERMENT COLLEGE, GOVERNMENT COLLEGE, SAWAIMADHOPUR, |
| 3. | नगर परिषद सवाई माधोपुर | 1188 | KHERDA SAMUDAYIK BHAWAN, SAWAI MADHOPUR, |
| 4. | नगर परिषद सवाई माधोपुर | 90 | SHELTER HOME NEAR, , AMBEDKAR BHAWAN, , KHANDAR BUS STAND, CITY, SAWAI MADHOPUR, |
| 5. | नगर परिषद गंगापुर सिटी | 1181 | GULKANDI SCHOOL KE SAMNE , GANGANPUR CITY, |
| 6. | नगर परिषद गंगापुर सिटी | 1182 | SHEETLA MTA ROAD, SHEETLA MTA ROAD, GANGANPUR CITY, |
| 7. | नगर परिषद गंगापुर सिटी | 1183 | FRONT OF GOVT COLLEGE , NADHOTI ROAD, GANGANPUR CITY, |
| 8. | नगर परिषद गंगापुर सिटी | 1191 | MIRJAPUR, MIRJAPUR, GANGAPUR CITY, |
| 9. | नगरपालिका बामनवास | 1180 | OLD RASOI NO 164, NAGAR PALIKA PARISAR, BAMANWAS, |
| 10. | नगरपालिका बामनवास | 1184 | GOVT HOSPITAL , GOVT HOSPITAL , BAMANWAS, |
| 11. | नगरपालिका बामनवास | 1185 | RAJIV GANDHI SEVA KENDER, RAJIV GANDHI SEVA KENDER, BAMANWAS |
| 12. | नगरपलिका बौंली | 812 | DHARAMSHALA, DHARAMSHALA, BONLI, SAWAI MADHOPUR, |

इसमें प्रत्येक श्री श्री अन्नपूर्णा रसोईयों हेतु इच्छुक आवेदक संस्थान को इस कार्यालय मे अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें इच्छुक आवेदक संस्थान को अपने प्रत्येक आवेदन के साथ में प्रतिभूति राशि 10000/-रुपये क्रमशः हिन्दी भाषा में आयुक्त नगर परिषद सवाई माधोपुर अथवा अंग्रेजी भाषा में Commissioner Municipal Council Sawai Madhopur के नाम से जारीशुदा डी.डी./बैंकर्सचैक के माध्यम से इस कार्यालय में उक्त निर्धारित तिथि तक जमा कराना अनिवार्य होगा या इच्छुक आवेदक संस्थान को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अपने आवेदक की उक्त प्रतिभूति 1000/-रुपये राशि रोकड परिषद कोष में जमा करवाने की लिखित सहमति प्रस्तुत करते हुए निर्धारित तिथि तक नगर परिषद कोष मे जमा कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा इसके अभाव में संबधित श्री अन्नपूर्णा रसोईयों के लिए संबधित आवेदक संस्थान का आवेदन स्वीकार योग्य नही होगा।

उक्त श्री अन्नपूर्णा रसोईयों के संचालन हेतू एक से अधिक आवेदन-पत्र मय प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में एक प्रतिष्ठित/स्थानीय संस्थान को प्राथमिकता से चयन करने के लिए स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा गठित जिला स्तरीय समन्वय एंव मोनेटरिंग समिति, सवाई माधोपुर का ही निर्णय अन्तिम होगा, जिसमें उक्त गठित समिति के द्वारा पारदर्शिता से उक्त निर्धारित अवधि में प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर उसकी सक्षमता, कार्यानुभव सेवाभाव एव कार्यकलापों के आधार पर वरीयता देते हुए चयन किया जायेगा।

इस अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expressions of Intrest-EoI) माध्यम से यदि कोई आवेदक संस्थान/दानदाता/एन.जी.ओ. आदि अपने स्वयं के खर्चे पर श्री अन्नपूर्णा रसोई का संचालन करने का आवदेन मय प्रस्ताव प्रस्तुत करते है, तो उसे उक्त गठित समिति के द्वारा ऐसे आवेदक संस्थान /दानदाता/एन.जी.ओ. आदि के चयन पर समुचित निर्णय मय सक्षम स्वीकृति उपरांत उस श्री अन्नपूर्णा रसोई के संचालन हेतू निःशुल्क भवन, बिजली, पानी, उपलब्ध करवाया जावेगा।

उक्त विषयक अधिक जानकारी के लिए श्री अन्नपूर्णा रसोई प्रकोष्ठ नगर परिषद, सवाई माधोपुर से कार्यालय दिवस एंव समय में सम्पर्क किया जा सकता है। इसमें आवेदन संबधी अधिक जानकारी इस कार्यालय के श्री अन्नपूर्णा रसोई प्रकोष्ठ (विकास अनुभाग) से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त,नगर परिषद व सचिव
जिला स्तरीय समन्वय एंव मोनेटरिंग समिति
सवाई माधोपुर

राज.संवाद/सी/24/4833


# भारी बरसात से चाकसू का मनोहर तालाब टूटा

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू में मनोहर तालाब पिछले 19 दिन में ही तीसरी बार टूट गया है। पूर्व में 14 अगस्त एवं 28 अगस्त को इसी स्थान से पाल टूट गई थी। उस वक्त भी अथक प्रयासों के बाद जेबीसी की मदद से मिट्टी एवं पत्थर लगाकर दीवार बनाई थी लेकिन क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही लगातार शाम के वक्त बारिश के चलते तालाब में पानी की आवक शुरू होने पर गुरुवार रात्रि को उपरोक्त स्थान से दीवार फिर टूट गई और तालाब के पीछे श्मशान की ओर से तालाब की दीवार टूटने के चलते कृषि उपज मंडी के सामने के निचले इलाके जलमग्न हो गए।

चाकसू इलाके में चार दिन से हो रही भारी बारिश के चलते कस्बे की कई कॉलोनियों सहित विधानसभा क्षेत्र के कई गांव, ढाणियां जलभराव के कारण ताल तलैया में तब्दील हो गये। इससे लोगों को लगातार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सामान्य जनजीवन बुरी तरीके से प्रभावित हो गया है। गैस एजेंसी के पास टोंक रोड पर लगातार भारी मात्रा में पानी निकल रहा है जिससे पूरी सड़क नदी के जैसे लग रही है। वहीं कस्बे का मनोहर तालाब के आडा भाटा श्मशान के पीछे की पाल लगातार हो रही पानी आवक के चलते गुरुवार रात्रि को फिर तीसरी बार टूट गई। इससे तालाब के पीछे कृषि मंडी के सामने के पूरे इलाके में जल भराव हो गया। कच्ची बस्ती से तालाब का पानी निकालते हुए कोटखावदा रोड को क्रॉस कर रहा है जिससे वहां रह रहे लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ गई है। हालांकि प्रशासन ने इस इलाके में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का अनाउंसमेंट कर चुकी है इसके बावजूद भी लोग वहां डटकर अपना आशियाना बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी अनुसार मनोहर तालाब पिछले 19 दिन में ही तीसरी बार टूट गया है। पूर्व में 14 अगस्त एवं 28 अगस्त को इसी स्थान से पाल टूट गई थी। उस वक्त भी अथक प्रयासों के बाद जेबीसी की मदद से मिट्टी एवं पत्थर लगाकर दीवार बनाई थी लेकिन क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही लगातार शाम के वक्त बारिश के चलते तालाब में पानी की आवक शुरू होने पर गुरुवार रात्रि को उपरोक्त स्थान से दीवार फिर टूट गई और तालाब के पीछे श्मशान की ओर से तालाब की दीवार टूटने के चलते कृषि उपज मंडी के सामने के निचले इलाके जलमग्न हो गए।

# बरसात से अजमेर में बाढ़ जैसे हालात

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर में लगातार हो रही बारिश से स्मार्ट सिटी की पोल खोल कर रख दी है। शहर में शुक्रवार को स्थिति उस समय भयावह हो गई, जब मूसलाधार बरसात से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए। खासकर उन

- **तेज बरसात और बाडी नदी के उफान पर होने से वैशाली नगर स्थित स्कूल के बेसमेंट में पानी भर गया**
- **क्वीन मेरी स्कूल में करीब 700 बच्चे मौजूद थे, जिन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला**



अजमेर में रेस्क्यू टीम ने छोटे बच्चों को कंधों पर व बड़े बच्चों को रस्से के सहारे पानी में से बाहर निकाला।

क्षेत्रों में जहां कॉलोनियों और निचली बस्तियों में दो से पांच फीट तक पानी भरने से संपर्क कट गया। साथ ही घरों में कई फीट पानी भरने से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। पानी की निकासी सही नहीं होने से शहर में सड़कों पर भी जलभराव हो गया। बीत कई दिनों से लगातार हो रही बारिश का दौर जारी है, गुरुवार देर रात व शुक्रवार सुबह हुई तेज मूसलाधार बरसात से सड़कों भराव होने से जाम की स्थिति पैदा हो गई है। आनासागर पुरानी चौपाटी से लेकर मित्तल हॉस्पिटल तक सड़कों पर पानी भर रहा है, जिससे वाहनों चालकों की लंबी कतार लगने से यातायात प्रभावित हुआ।

**आनासागर व फॉयसागर की चल रही चादर :-** मौसम विभाग के अनुसार अजमेर में यलो अल्र्ट जारी है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 40 एमएम से अधिक बारिश रिकार्ड की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण आनासागर और फॉयसागर का जलस्तर बढ़ने से 6 इंच की चादर तो वहीं आनासागर की एक फीट 6 इंच की चादर चल रही है। बाडी नदी के बहाव क्षेत्र में बसी डिफेंस कॉलोनी, राज कॉलोनी, हाथी खेड़ा, बोराज काजीपुरा आदि क्षेत्र में पानी भर गया।

तेज बरसात के चलते शहर की न्यू गीता कॉलोनी में दो फीट पानी, कबूतर शाला, गणपति नगर में दो से 5 फीट पानी और मोती विहार कॉलोनी के घरों में 2 से 3 फीट पानी भर गया, महावीर कॉलोनी के घरों में भी दो से ढाई फीट पानी भरा है। बरसात का पानी घरों में भरने से कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। लगातार हो रही बरसात के पानी से जमीन में हुए कटाव के चलते सावित्री कॉलेज चौराहा स्थित एक बिजली का पोल गिर गया। क्षेत्रवासियों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी। विद्युत विभाग ने तुरंत उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद की। तेज बरसात से मार्टिंडल ब्रिज नीचे पानी भर गया। मदार गेट से उफनते पानी से स्टेशन रोड पर तरणताल बन गया। यही हाल सावित्री चौराहा पर है। वैशाली नगर फ्रेंड्स कॉलोनी, न्यू गीता कॉलोनी, कबूतरशाल गणपति नगर, मोती विहार, सागर विहार सहित ऋषि घाटी, बाबूगढ़ से उफनता पानी गंज सर्कल के आसपास भर गया, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, सिविल लाइंस, टोडरमल मार्ग, बजरंगगढ़ चौराहा पर भी पानी का तेज बहाव नजर आया।

फायर ब्रिगेड टीम के रेस्क्यू प्रभारी भागचंद ने बताया कि फॉयसागर रोड हाथी खेड़ा स्थित राज कॉलोनी के घरों में अधिक पानी भरने की सूचना मिली थी, जिस पर मौके पर पहुंच कर वहां फंसे करीब 20 से 25 लोगों को निकाल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। टीम अन्य कॉलोनी का भी दौरा कर रही है।


**स्कूल में फंसे बच्चों किया रेस्क्यू :-** वैशाली नगर स्थित क्वीन मेरी स्कूल में शुक्रवार को हुई तेज बरसात और बाडी नदी के उफान पर होने के कारण स्कूल में पानी भर गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम ने छोटे बच्चों को कंधों पर व बड़े बच्चों को रस्से के सहारे बाहर निकाल कर परिजन को सौंपा। बचाव में लगे सिविल डिफेंस के वालियेंटर सलमान खान ने बताया कि स्कूल के पीछे की दीवार टूटने से स्कूल परिसर में पानी भराव हुआ, स्कूल बेसमेंट में पानी भरा हुआ है। स्कूल में करीब 700 बच्चे स्कूल में मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया।

बरसात से शहर की बाडी नदी सहित कई निचले इलाकों अंदरूनी क्षेत्रों में नाले और नालियों का पानी उफन पड़ा। आनासागर झील में पानी की आवक बढ़ गई। काजी का नाला, आंतेड़ का नाला, वैशाली नगर, जवाहर नगर, गुलाब बाड़ी, अलवर गेट, सुभाष नगर सहित अन्य क्षेत्र में पानी का बहाव तेज रहा। शहर में हो रही तेज बरसात के चलते कई वाहन चालक अपने वाहनों से नियंत्रण खो बैठे और हादसों का शिकार हो गए। जवाहर रंगमंच के सामने डिवाइडर पर तेज रफ्तार कर का चालक संतुलन खो बैठा और डिवाइडर पर कार चढ़ गई। गनीमत रही कि कार में सवार तीन लोगों को चोटें नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को क्रेन की मदद से डिवाइडर से हटाया।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

**ई-नीलामी** सितम्बर-II/अक्टूबर-I

**423** भूखण्ड, दुकान एवं गोदाम



**38 आवासीय भूखण्ड**
01 रजत विहार योजना, जयपुर | 01 महल विस्तार योजना, जयपुर | 02 महल योजना डी-ब्लॉक, जयपुर | 03 जस्टिस दौलतमल भण्डारी नगर योजना, जयपुर (RERA Regi. No. RAJ/P/2022/1849) | 02 पत्रकार कॉलोनी जयपुर | 04 लौहामण्डी मचेड़ा फैज-1, जयपुर | 10 आनन्द विहार जयपुर | 01 अभिनव विहार योजना, जयपुर | 02 निलय कुंज फैज-2, जयपुर | 01 वेस्ट वे हाईट्स योजना, जयपुर | 09 कल्पना नगर जयपुर | 01 ख.न.614 ग्राम हरगुन की नागल उर्फ चरणवाला, जयपुर | 01 शौर्य नगर योजना, जयपुर

**72 व्यावसायिक भूखण्ड**
37 लोहा मण्डी मचेड़ा फैज-1, जयपुर | 04 लोहा मण्डी (ब्लाक सी), जयपुर | 17 शौर्य नगर योजना, जयपुर | 04 वेस्ट वे हाईट्स योजना, जयपुर | 01 जस्टिस दौलतमल भण्डारी नगर योजना, जयपुर (RERA Regi. No. RAJ/P/2022/1849) | 08 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड़, जयपुर | 01 न्यू आतिश मार्केट विस्तार, ख.नं. 66,73 व 74 ग्राम सुखालपुरा, जयपुर (RERA Regi. No. RAJ/P/2018/847)

**276 मिश्रित उपयोग भूखण्ड**
05 रिंग रोड़ परियोजना ग्राम खेड़ी, गोकुलपुरा | 26 रिंग रोड़ परियोजना, ग्राम अभयपुरा, जयपुर | 17 रिंग रोड़ परियोजना ग्राम सिरोली, जयपुर | 03 रिंग रोड़ परियोजना ग्राम गोनेर, जयपुर | 21 रिंग रोड़ परियोजना ग्राम श्यामपुरा, जयपुर | 25 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम अचरावाला, जयपुर | 35 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम मुहाना, जयपुर | 11 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम खटवाड़ा, जयपुर | 32 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम बदनपुरा, जयपुर | 01 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम हिंगोनिया, जयपुर | 02 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम खोरी रोपाड़ा, जयपुर | 08 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम सीतारामपुरा, जयपुर | 43 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम दादिया, जयपुर | 17 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम अजयराजपुरा, जयपुर | 06 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम शिवदासपुरा, जयपुर | 02 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम रातल्या, जयपुर | 15 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम पिपला, जयपुर | 01 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम कण्डवास, जयपुर | 01 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम महापुरा, जयपुर | 01 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम मनोरियावाला, जयपुर | 01 रिंग रोड़ परियोजना जयपुर | 02 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम चिमनपुरा, जयपुर | 01 रिंगरोड़ परियोजना ग्राम प्रह्लादपुरा, जयपुर

ऑटो मोबाईल शॉप 05 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर | कोयला गोदाम 01 लक्कड़ पत्थर मण्डी, जयपुर | निर्मित दुकान 03 अण्डर पास (एसएमएस से ट्रोमा सेंटर) | फार्म हाउस 06 गोविंदपुरा रोपाड़ा योजना, जयपुर | गोदाम 14 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर
ग्रुप हाउसिंग 03 ग्राम गोनेर, जयपुर | रिसोर्ट 01 निलय कुंज फेज-II, जयपुर | रेस्टोरेंट/केफेटेरिया 01 निलय कुंज फेज-II, जयपुर | सर्विस यार्ड 02 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर | दुकान भूखण्ड 01 न्यू आतिश मार्केट, गोपालपुरा, बायपास, जयपुर

नीलामी की नियम व शर्तो के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिऐ कॉल करें: + 91 9462 569 696 रेरा वेबसाईट : http://rera.rajasthan.gov.in

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर- 302004

राज.संवाद/सी/24/4859

# रिटायर्ड फौजी ने भाई-भाभी समेत पुलिस वालों पर फायरिंग की

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो रिटायर्ड फौजी ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां बरसा दी

**नागौर, (निसं)।** नागौर शहर के शारदापुरम इलाके में एक रिटायर्ड फौजी ने गुरुवार देर रात जमकर उत्पात मचाया। पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते रिटायर्ड फौजी ने पहले पड़ौस में ही रह रहे भाई-भाभी के घर पर फायरिंग कर उन्हें घायल कर दिया। उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों पर गोलियां बरसा दी। घटना में फौजी के भाई-भाभी, भतीजी और एक होमगार्ड जवान समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुल आठ व्यक्तियों को लगी गोली, सभी को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया। घायल दंपती को जोधपुर रैफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का नागौर जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार कर लिया है।

नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि शारदापुरम निवासी रिटायर्ड फौजी भंवरसिंह बिश्नोई ने बीती देर रात 12 बोर बंदूक से भाई के घर पर फायरिंग कर दी। आधी रात को गोलियों की आवाज सुनकर जब छोटे भाई की पत्नी गोमती ने घर का दरवाजा खोला तो एक गोली उसके हाथ में लग गई। दरवाजे के पीछे फौजी का छोटा भाई ओमप्रकाश अपनी भाभी गोमती देवी बचाने आया तो एक गोली उसे भी लग गई। दोनों के खून बहने लगा। फायरिंग के दौरान घर में मौजूद आरोपी की भतीजी ममता के भी छर्रा लग गया।



घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया।

**■ रिटायर्ड फौजी ने भाई-भाभी समेत पुलिस वालों पर फायरिंग की, पुलिसकर्मियों समेत आठ घायल**

इसके बाद आरोपी फौजी बंदूक हाथ में लेकर गली में टहलने लगा और फायर करने लगा। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी अपने घर में जाकर छिप गया, जो सामने दिखाई दे रहा था उसी पर गोलियां चलाने लगा। करीब 40 मिनट तक आरोपी इसी तरह खुले आम गली महल्ले में दहशत फैलाता रहा। पुलिस ने घटना में घायल में दंपती और युवती ममता को नागौर के जेएलएन जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद ओमप्रकाश और गोमती को जोधपुर रैफर कर दिया गया। 18 वर्षीय ममता का इलाज जारी है। इस बीच पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अनहोनी के डर से सख्ती नहीं की, आरोपी अपने घर में ही छिपा रहा।

सुबह साढ़े चार बजे पुलिस ने पूरे दलबल के साथ आरोपी फौजी के घर पर दबिश दी तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में हैड कांस्टेबल हनुमान राम (53), हैड कांस्टेबल मदन गोपाल (45), कांस्टेबल रिद्धकरण (36), कांस्टेबल सतीश (32) और होमगार्ड ओमप्रकाश (29) गोलियां व छर्रे लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

आरोपी रिटायर्ड फौजी को राउंडअप कर लिया गया है। आरोपी का अपने भाइयों से प्लॉट को लेकर कोई विवाद चल रहा था। गुरूवार देर रात उसने शराब पीकर लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से फायरिंग कर दी।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने गणेश चतुर्थी, संवत्सरी, रामदेव जयंती, तेजा दशमी, जलझूलनी एकादशी व बारावफात (चांद से), अनन्त चतुर्दशी के त्योहार एवं अवसरों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी नगर विकास न्यास मोहम्मद ताहिर, सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार दिनेश कुमार यादव को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवपाल जाट, तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत तथा महेश चन्द्र लक्षकार तहसीलदार भू-अभिलेख, मोहनलाल रेगर उप पंजीयक-प्रथम तथा नायब तहसीलदार सुवाणा पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इन स्थानों के अलावा जिले के अन्य स्थानों के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेंगे एवं सतर्कता बरतेंगे तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने की सुनिश्चितता करेंगे।

## सार-समाचार

### जन्म जयंती महोत्सव मनाया

**बिजयनगर, (निसं)।** महावीर भवन में शुक्रवार कोपूज्य प्रवर्तक गुरुदेव श्री पन्नालाल महाराज साहब का 137वां जन्म जयंती महोत्सव तप त्याग व धर्म आराधना के साथ मनाया । आयोजित धर्मसभा में जैन सन्त प्रियदर्शन मुनि महाराज ने गुरुदेव पन्नालाल महाराज के जीवन के प्रेरक प्रसंग के संदर्भ में जानकारी देते हुए पन्ना गुरु के आदर्श उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि गुरुदेव पन्नालाल महाराज अहिंसा ओर स्वाध्याय के प्रेरक थे। गुरुदेव ने प्रत्येक जीव को जीने का अधिकार दिलाने के लिए अहिंसा को अपनाने के लिए प्रेरणा दी । महाराज श्री ने कहा कि गुरुदेव पन्नालाल महाराज ने लोगों से जीव की हिंसा का त्याग करने राजा महाराजाओं को उपदेश देकर जीव हिंसा बलि प्रथा रोकने के साथ सप्त कुव्यसन का त्याग करवाया।गुरुदेव की प्रेरणा से अनेक लोगों ने जीव हिंसा के त्याग का संकल्प लिया उनकी प्रेरणा से सैकड़ों मूक पशुओं निरीह पक्षियों को जीवनदान मिला। गुरुदेव ने समाज के उत्थान, स्वाध्याय संघ की स्थापना कर आम जन को अपने जीवन के कल्याण के लिए धर्म के प्रति समर्पित रहने प्रेरणा के साथ संघ समाज से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र के उत्थान में जो उपदेश दिये उनसे समाज को नई दिशा मिली। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गुरुदेव के आदर्शों को अपने जीवन में आत्म सात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। धर्मप्रभा में सौम्य दर्शन महाराज व माध्वीजनों ने गुरू पन्ना के जीवन के प्रेरक प्रसंग के साथ गुणानुवाद किया।

### गणपति प्रतिमाओं का वितरण कल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के आयोजन के तहत प्रथम पूज्य गणपति प्रतिमाओं का वितरण 7 सितंबर शनिवार को गणेश चतुर्थी के दिन आर सी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम मे प्रातः 9 बजे किया जाएगा समिति के उदयलाल समदानी ने बताया कि इंदौर से आए प्रमुख मूर्तिकार बृजमोहन के नेतृत्व में पांच मूर्तिकारो द्वारा समिति द्वारा छोटी व बड़ी 300 गणपति प्रतिमाएं तैयार करवाई गई है जो विसर्जन के लिए तैयार है जो पूरी तरह से इको फ्रेंडली है जिसमें जुट, मिट्टी व नेचुरल कलर का उपयोग कर बनाई गई,इको फ्रेंडली होने से गणपति प्रतिमाओं को जलाशय में विसर्जन करने पर प्रदूषण नहीं होगा ,समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी एवं कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल के अनुसार इस बार भी भीलवाड़ा जिले सहित पांच जिलों में गणपति की मूर्तियां वितरित की जाएगी समिति द्वारा 5 फीट व डेट फिट की गणपति प्रतिमाओं को मूर्तिकारों द्वारा अंतिम रूप देकर तैयार किया गया है पंजियन की गई संस्था को 7 सितंबर शनिवार के दिन गणेश चतुर्थी को वितरित की जाएगी गणपति प्रतिमाओं का विभिन्न गणपति आयोजन समितिया, मोहल्ला, संस्थाओं द्वारा गणेश महोत्सव आयोजन हेतु प्रतिमाओं का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है पंजीयन की गई प्रतिमाओं के टोकन दिए जाएंगे जिसे गणेश चतुर्थी के दिन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद वितरित किया जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. के पंचशील स्थित मुख्यालय पर अजमेर डिस्कॉम के क्षेत्राधीन 17 जिलों की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक ने सभी अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि प्रत्येक अधीक्षण अभियंता हर दो माह में एक 33 केवी के फीडर की कार्यप्रणाली में सुधार कर उसे आदर्श बनाये। इस तरह एक वर्ष में कुल 119 फीडरों को आदर्श बनाया जाएगा। श्री वर्मा ने अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे सभी कार्मिको द्वारा राजकाज के माध्यम से ही फ़ाइल प्रस्तुत करवाना सुनिश्चित करें। जो राजकाज का उपयोग नही करेगा उस कार्मिक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर उसे चार्जशीट प्रदान करने की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को डिमांड नोट समय पर जारी करना सुनिश्चित करें। डिमांड नोट समय पर जारी नही करने वाले अधिकारियों को एमडी के.पी वर्मा ने फटकार भी लगाई। अगर भविष्य में समय पर डिमांड नोट जारी नही हुआ तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के तहत बनाये जा रहे 33/11 केवी के जीएसएस के कार्यो में तेजी लाकर उसे समयबद्ध पूरा करें। तथा बजट घोषणा के तहत बनाये जाने वाले नए सब-डिवीजन के लिए जिला प्रशासन से संपर्क कर जमीन ढूंढना सुनिश्चित करें। चित्तौड़गढ़, राजसमंद तथा सलूम्बर सर्किल द्वारा राजस्व वसूली में पिछड़ने पर उन्हें राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

### समिति की बैठक आयोजित

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस अधिक्षक कार्यालय सभागार में जिला पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला बाल वाहिनी समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में रामकृष्ण चौधरी, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कनिष्ठ अभियन्ता, नगर परिषद, कनिष्ठ अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि एवं एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक में प्रतिनिधियों को बाल वाहिनी योजना के नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी।

# राजस्व मंडल के कर्मचारियों ने मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**अजमेर, (कासं)।** राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर के कर्मचारियों ने शुक्रवार को मंत्रालयिक संवर्ग के तहसीलदार पद पर 25 प्रतिशत आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग को लेकर निबंधक को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में 25 प्रतिशत कोटे को यथावत रखने की मांग की है।

विभागीय समिति के अध्यक्ष अजय गुर्जर ने बताया कि ज्ञापन में मंत्रालयिक संवर्ग के तहसीलदार पद पर 25 प्रतिशत आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग की गई है। कर्मचारियों ने सरकार से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो वे उठा

**■ 25 प्रतिशत आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग**

आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद कर्मचारियों ने आधे दिवस का कार्य बहिष्कार किया, जिससे विभाग के कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई।

कर्मचारियों का कहना है सरकार के स्तर पर मंत्रालयिक कर्मचारियों के आरक्षित वर्ग के कोटे को कम करने की योजनाएं बनाई जा रही है। इस कोटे को सरकार के स्तर पर खत्म किया जाता है तो उनके हितों पर कुठाराघात होगा। कर्मचारियों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है

## 'मानव जीवन मोज के लिए नहीं मोक्ष के लिए'

**अजमेर, (कासं)।** मानव जीवन मोज के लिए नहीं मोक्ष के लिए है। आराम के लिए नहीं आराधना के लिए मिला है। प्रभु की भक्ति कसे समय हमें जिनशासन का वारिस जिनशासन का आइना और जिवासन का मारस बनने की प्रार्थना करनी चाहिए। हमारी प्रार्थना तब ही सार्थक और सफल होगी जब हम अपने भावों को प्रभु के समक्ष पहुंचाएंगे।

उक्त विचार मनोहरश्रीजी महाराज ने शुक्रवार को जैन श्वेतांबर खरतरगच्छाचार्य दादावाडी में सातवें दिवस आयोजित महापर्व के दौरान आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। श्री जैन श्वेतांबर संघ के सुशील बेद ने बताया कि शनिवार को दादा बाड़ी में 12 सो वाचन पूर्ण होंगे।

# 302 गुमशुदगी मामलों का किया निस्तारण

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान पुलिस के उल्लास कार्यक्रम के तहत बिछड़े हुए को परिजन से मिलाने के अभियान में अजमेर जिला प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। इस उपलब्धि पर अजमेर पुलिस लाइन के सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया,जिसमें

**■ उल्लास कार्यक्रम में अजमेर जिला अव्वल**

जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने जिले के पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और कैश रिवार्ड देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई।

एसपी विश्नोई ने बताया कि पुलिस मुख्यालय स्तर पर उल्लास कार्यक्रम 1 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य गुमशुदगी के मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना था। अजमेर जिले में कुल 823 गुमशुदगी के मामले दर्ज किए गए थे।




सम्मानित पुलिस अधिकारी व कर्मी एसपी विश्नोई के साथ।

प्रत्येक थाने से 2-2 सिपाहियों की टीम बनाकर इन मामलों के निस्तारण की कार्यवाही करवाई गई। उन्होंने कहा कि अजमेर पुलिस की टीम ने कठिन मेहनत और समर्पण से कार्य करते हुए 302 गुमशुदगी मामलों का निस्तारण कर जिले को राजस्थान में प्रथम स्थान दिलाया।

# डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए आरपीएससी ने किया नवाचार

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 8 से 19 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। इस परीक्षा से सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करते हुए परीक्षा के लिए निर्धारित स्थान पर बैठे हुए प्रत्येक अभ्यर्थी की वीडियोग्राफी करवाने का निर्णय आयोग द्वारा लिया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि अब अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए निर्धारित किए गए समय के बाद 10 मिनट के भीतर ही परीक्षा कक्ष में अपने स्थान को ग्रहण करना होगा। 10 मिनट के बाद पूरे परीक्षा केंद्र में प्रत्येक कक्ष में आवंटित स्थान पर बैठे हुए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के रिक्त स्थानों की रोल नंबर के क्रमानुसार वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यह रिकॉर्डिंग बाद में मूल अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उपयोग में ली जाएगी। आयोग

**■ विडियोग्राफी देगी अभ्यर्थी की उपस्थिति का प्रमाण**

इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का भी इस्तेमाल करेगा। गोरतलब है की आयोग ने बीते दिनों कई डमी अभ्यर्थियों को पकड़ा था जिसके बाद यह नवाचार लागू किया जा रहा है।

अब यह रहेगी व्यवस्था - आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत सामान्य ज्ञान: प्रश्न पत्र-तृतीय की परीक्षा का आयोजन 8 सितंबर को सुबह 11 से 1 बजे तक अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। इस अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। सुबह 10 बजे प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 10 बजकर 10 मिनट तक अभ्यर्थी को रोल नंबर अनुसार निर्धारित किए गए स्थान पर बैठना होगा।

ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र - प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन प्रातः 9 से 12 तथा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक किया जाएगा। इनमें हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय दोनों पर किया जाएगा।

शेष विषयों की परीक्षाएं अजमेर जिला मुख्यालय पर ही आयोजित की जाएगी। इन परीक्षाओं में भी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 60 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। इस अनुसार प्रथम प्रश्न-पत्र की परीक्षा के लिए प्रातः 8 बजे तक आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा एवं 8 बजकर 10 मिनट पर निर्धारित स्थान पर बैठना होगा। द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा के लिए 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित एवं 1 बजकर 40 मिनट तक निर्धारित स्थान ग्रहण करना होगा।

## लोक बंधु होंगे अजमेर के नए कलेक्टर

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार ने प्रशासनिक अमले में बड़ा फेरबदल करते हुए 108 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। अजमेर जिला कलेक्टर के पद पर लोक बंधु को नियुक्त किया है। बंधु श्रीगंगानगर में कलेक्टर के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले उदयपुर, हनुमानगढ़ सहित कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अजमेर कलेक्टर डॉ.भारती दीक्षित को मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं आयुक्त राजस्थान जयपुर के पद पर ट्रांसफर किया है। हेमंत कुमार गेरा को राजस्व मंडल अध्यक्ष के पद पर लगाया है, राजस्थान कर बोर्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी दी गई है। भवानी सिंह देथा को राजस्व मंडल सदस्य अजमेर के पद पर लगाया है। भवानी सिंह देथा अजमेर के कलेक्टर के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं।

# आई बैंक को अब तक दान में मिले 3893 कार्निया

**अजमेर, (कासं)।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, अजमेर चैप्टर की ओर से 8 सितंबर तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

आई बैंक सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आई बैंक की स्थापना सत्रह साल पहले 3 नवम्बर 2006 को हुई। कॉर्निया पीड़ित लोगों के जीवन में प्रकाश लाने के लिए अजमेर के कुछ समाज सेवी नागरिकों एवं स्व. मीठा लाल मेहता, अध्यक्ष, आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जयपुर के आपसी सहयोग से की गई थी। पिछले अठारह वर्षों में नेत्रदानी परिवारों, अजमेर की जागरूक जनता व समस्त शुभचिंतकों की वजह से अजमेर चैप्टर को अब तक कुल 3893 से अधिक कॉर्निया दान में मिल चुके हैं। वर्ष 2024 में अब तक 8 महीने में 282 कॉर्निया दान में मिल चुके हैं, जब कि वर्ष 2006 के पहले एक साल में सिर्फ 4-6 कॉर्निया मिला करते थे।

शुरुआत में आई बैंक सोसायटी

**■ सोसायटी का पखवाड़ा जारी**

अजमेर को डॉ. एलके नेपालिया पूर्व विभागाध्यक्ष व अभी डॉ. राकेश पोरवाल वर्तमान विभागाध्यक्ष, नेत्र विभाग व मेडिकल जूरिस्ट व उनकी पूरी टीम के साथ इस कार्य में बहुत सहयोग मिला है, जिसकी वजह से आई बैंक को तेजी से आगे बढ़ने में बहुत मदद मिली। आई बैंक को नेत्रदान के इस कार्य में अजमेर के साथ-साथ किशनगढ़, ब्यावर, मसूदा, विजयनगर, मकराना, डीडवाना, कुचामन, भिनाय, नसीराबाद, बाँदनवाड़ा, मेड़ता, रियाँ, सरवाड, केकड़ी, भीम, टाटगढ़, देवगढ़ इन सभी शहरों व गांवों से भी निरंतर नेत्रदान प्राप्त होते रहते हैं। माहेश्वरी भवन में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, अजमेर चैप्टर के रवि तोषनीवाल चेयरमैन, राकेश गुप्ता सचिव आदि ने बैठक कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।

## ऋण देने की आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

**नागौर, (निसं)।** प्रबन्ध निदेशक अनुजा निगम, मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड नागौर द्वारा अनुसूचित जाति, स्वच्छकार वर्ग, दिव्यांगजन एंव रास, अन्य पिछड़ा वर्ग के 18 से 60 वर्ष के व्यक्तियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सुचारू कर दी गई है। अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक किशनाराम लोल ने बताया कि आवेदक अपना ऑनलाईन आवेदन ई-मित्र अथवा व्यक्तिगत के माध्यम से अनुजा निगम के ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर जन आधार प्लेटफॉर्म के माध्यम से 31 अक्टूबर 2024 तक आवेदन कर सकते है।


प्रारूप-1
पक्षकारों को सूचना
(धारा 168 मोटर वाहन अधिनियम 1988 व नियम 10.8 राजस्थान मोटरयान नियम 1990)
न्यायालय श्री मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण (प्रथम), जोधपुर (राज.)
नाम एवं पद न्यायाधीश ..............................
गिरिश सिंह विरूद्ध ज्योति व अन्य
वाद क्रमांक 797/2022 वास्ते मुआवजा दिलाने हेतु
नाम अजयपाल सिंह पिता श्री रामसिंह जाति राजपुरोहित पता डांग, पु. थाना-अराई, जिला- अजमेर
चूंकि प्रार्थी ने इस न्यायालय में दरख्वास्त पेश की है कि
(नकल संलग्न है)
उक्त आवेदन सुनवाई हेतु दिनांक 20.09.2024 को रखा गया है । आप यदि लिखित कथन पेश करना चाहते है, तो उक्त दिनांक तक पेश कर देवें। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त दिनांक को उक्त आवेदन की सुनवाई और निपाटारा कर दिया जायेगा। आज दिनांक 23.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आदेशानुसार
रीडर मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण जोधपुर महानगर




प्रारूप-1
पक्षकारों को सूचना
(धारा 168 मोटर वाहन अधिनियम 1988 व नियम 10.8 राजस्थान मोटरयान नियम 1990)
न्यायालय श्री मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण (प्रथम), जोधपुर (राज.)
नाम एवं पद न्यायाधीश ..............................
सत्यदेव कविया विरूद्ध ज्योति व अन्य
वाद क्रमांक 796/2022 वास्ते मुआवजा दिलाने हेतु
नाम अजयपाल सिंह पिता श्री रामसिंह जाति राजपुरोहित पता डांग, पु. थाना-अराई, जिला- अजमेर
चूंकि प्रार्थी ने इस न्यायालय में दरख्वास्त पेश की है कि
(नकल संलग्न है)
उक्त आवेदन सुनवाई हेतु दिनांक 20.09.2024 को रखा गया है । आप यदि लिखित कथन पेश करना चाहते है, तो उक्त दिनांक तक पेश कर देवें। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त दिनांक को उक्त आवेदन की सुनवाई और निपाटारा कर दिया जायेगा। आज दिनांक 23.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आदेशानुसार
रीडर मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण जोधपुर महानगर


# 24 घण्टे अलर्ट मोड पर रहे प्रशासन : देवनानी

## फॉयसागर से वैशाली नगर तक विभिन्न इलाकों का किया निरीक्षण

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में भारी बारिश और विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव के बाद विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी शुक्रवार को पूरा दिन क्षेत्र में निरीक्षण करते रहे। उन्होंने अधिकारियों के साथ जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस को 24 घण्टे खासकर रात्रि में अलर्ट रहने को कहा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन जलभराव वाले क्षेत्रों में पम्प सेट चालू करके पानी निकाले। जिल इलाकों में लोग फंसे हैं, वहां राहत पहुंचाए। एनडीआरफ और बाढ़ बचाव से संबंधित सभी विभाग 24 घण्टे अलर्ट रहें। रात में किसी भी तरह की परेशानी सामने आने पर तुरंत वहां पहुंचे और आमजन को राहत दें। देवनानी ने फॉयसागर, हाथीखेड़ा, राज कॉलोनी, बांडी नदी बहाव क्षेत्र, ज्ञान विहार, बी.के. कॉल नगर, गणपति नगर, मोती विहार, सिने वर्ल्ड, मित्तल अस्पताल, सागर विहार, वैशाली नगर, पंचशील, लोहागल, जयपुर रोड़ और अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया।



जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष, देवनानी ने पम्प चालू करने, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को तैनात रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने फॉयसागर झील के ओवर फ्लो होने एवं बांडी नदी में अत्यधिक बहाव होने से उपजे हालात की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी भरा है, वहां से तुरंत पानी निकाले। इसी तरह बांडी नदी बहाव क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव की स्थिति को तुरंत सुधारना शुरू करें।

उन्होंने शहर के सभी इलाकों में सड़क, जलभराव एवं बिजली व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए को अपने-अपने काम शीघ्र शुरू करें। उन्होंने आनासागर झील में जलभराव को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दस दिवसीय गणपति महोत्सव की धूम 7 से

**अजमेर, (कासं)।** दस दिवसीय गणेश चतुर्थी की धूम 7 सितंबर से शुरू होगी। महोत्सव की तैयारियों को लेकर धार्मिक नगरी अजमेर में मूर्तिकार जहां भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं तो वहीं शहर सहित जिले भर के मंदिरों, घरों के साथ शहर के अलग-अलग स्थानों पर पांडालों में विघ्नहर्ता विराजमान होंगे। शहर के मार्टिंडल ब्रिज पर सजी विघ्नहर्ता की मूर्ति खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मूर्तिकारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

7 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू होने वाले गणपति महोत्सव शहर सहित पूरे जिले में 10 दिनों तक श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा, 14 सितंबर अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों के विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा। श्रद्धालुओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पांडाल बनाए जा रहे है, जिसमें गणपति बप्पा को स्थापित किया जाएगा। वहीं मूर्तिकार और कारीगरों गणेश प्रतिमा की सजावट के काम जोर-शोर से जुटे हैं। इस साल मूर्तियों को बनाने में लगने वाले कच्चे सामान जैसे मिट्टी, लकड़ी, बांस और पैरा के दाम बढ़ने के कारण मूर्ति के भी दाम में बढ़ोतरी का असर भगवान गणेश की मूर्तियों पर भी देखने को मिलेगा। मूर्तिकारों ने बताया कि लगभग 20 से 25 फीसदी तक मूर्तियां महंगी हो जाएगी।


आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि.के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) सहमति | (iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (iv) गिरवी सम्पत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) निलामी की तिथि व समय | (viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 2553122.73/- डिमांड नोटिस तिथि 05 मार्च 2022 | 19882921 | श्री रवि जोशी श्रीमती बीना जोशी श्री धनुषधारी अर्जुन श्रीमती शानू जोशी एवं श्री विकास जोशी | सम्पत्ति एएमसी 869/7-718/28 का पश्चिम भाग, खटीक बस्ती, पहाडगंज जिला अजमेर, राजस्थान-305001 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 107.45 वर्गगज, और सीमायें है- पूर्व-प्रकाश चन्द जोशी की सम्पत्ति और गली, पश्चिम-मदन सिंह और लक्ष्मण सिंह की सम्पत्ति, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-प्रकाश का मकान | रूपये 1566130.00/- | रूपये 156613.00/- | 25 सितम्बर 2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक | 24 सितम्बर 2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 19 सितम्बर 2024 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक | नाम-सरदीप सिंह राठौड सम्पर्क नम्बर- 9887772255 नाम-आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर- 7737204242 |

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
दिनांक- 07.09.2024
स्थान- अजमेर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

## सार-समाचार

### 80 किलो 450 ग्राम अवैध डोडा बरामद

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा वृत्ताधिकारी वृत्त मसुदा सज्जन सिंह के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी बार मूलचंद वर्मा उपनिरीक्षक ने टीम सहित अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक डस्टर कार से अवैध डोडा पोस्त जब्त किया व एक आरोपी गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की।थानाधिकारी बार मूलचंद वर्मा को मुखबिर से जानकारी मिलने पर टीम सहित जसवंतपुरा टोल नाका पर पहुंचे व नाकाबंदी शुरू की इसी दौरान एक डस्टर कार नम्बर डीएल 10 सीआर 9204आती दिखाई दी जिस पर पुलिस टीम ने उसको रूकने का ईशारा करने पर कार चालक कार को छोडकर पहाडी की ओर भाग गया। पुलिस टीम ने तत्काल कार को घेरा व उसमें सवार अन्य व्यक्ति जाटावास लोहावट निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतु पुत्र मदनपुरी उम्र 23 साल जाति गोस्वामी को पकडा व कार की तलाशी ली तो कार की डिग्गी में रखे प्लास्टिक के कट्टों में कुल 80 किलो 450 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर डोडा पोस्त को जब्त कर आरोपी को गिरफतार किया गया तथा थाना बार में प्रकरण दर्ज किया गया। फरार आरोपी प्रकाश की तलाश हेतु पुलिस टीम जगह जगह दबिश दे रही। मूलचन्द वर्मा थानाधिकारी की टीम में रणजीतसिंह हैड कानि.लोकेश, सुशील कुमार,बीरबल, प्रहलाद,बनवारी आदि थे।

### बैठक का आयोजन

**ब्यावर, (निसं)।** 28 सितंबर को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में तालुका अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.3, ब्यावर विजयप्रकाश सोनी द्वारा न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।मीटिंग में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 1 डॉ. वीनू नागपाल, अति. मुख्य न्यायिक मजि. कोमल मोटियार, अति. मुख्य न्यायिक मजि. सं. 1 महावीर सिंह चारण, अति. मुख्य न्यायिक मजि. सं. 2 राजेश्वर विश्नोई व न्यायिक मजिस्ट्रेटगण श्रीमती पूजा सिंह, पंकज सांखला, सतीश फनीन उपस्थित रहे। उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को राजीनामें योग्य प्रत्येक पकरणों को लोक अदालत हेतु चिन्हित कर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्री-काउंसलिंग में समझाईश के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए किये जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया गया। न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य फौजदारी, दीवानी, एमएसीटी, चैक अनादरण, राजस्व आदि प्रकृति के प्रकरणों में प्रभावी प्री-काउंसलिंग करने व पक्षकारान को नोटिस जारी करने व लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों से होने वाले फायदे के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### बाल सुरक्षा के अधिकारो की दी जानकारी

**मसूदा, (निसं)।** शुक्रवार को ग्राम किराप में दिशा समाजसेवी संस्था द्वारा मसूदा ब्लॉक में 25 राजकीय विद्यालय में संचालित नॉलेजहट परियोजना के अंतर्गतविद्यालय प्रबंधन समिति व शिक्षा विकास समिति के सदस्यों का शिक्षा का अधिकार एवं बाल सुरक्षा के संबंध में एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण रखा गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक राघवेंद्र सिंह रावत द्वारा उपस्थित सदस्यों को शिक्षा के अधिकार के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुवे विद्यालय प्रबंधन समिति के विद्यालय के प्रति कर्तव्यों व अधिकारों की जानकारी दी साथ ही बाल सुरक्षा अधिनियम के बारे में जानकारी देकर बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नॉलेजहट परियोजना ब्लॉक समन्वयक मुकेश फुलवारी ने विद्यालय व पुस्तकालय का सफल संचालन में सहयोग एवं पुस्तकालय पुस्तकालय के महत्व पर जानकारी दी। नॉलेजहट परियोजना फील्ड कोऑर्डिनेटर घनश्याम शर्मा, मदन सिंह, गट्टू सिंह व स्वरूप सिंह रावत द्वारा पुस्तकालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालकर खेल खेल में शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी।

### कमेटी की बैठक सम्पन्न

**ब्यावर, (निसं)।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में आगामी 10 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व उच्च शिक्षा पर महाविद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा जिसके लिए समस्त संकाय सदस्यो की बैठक सम्पन्न हुई।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढा ने बताया कि इस सेमीनार में गुणवत्ता पूर्ण, समग्र व बहु-विषयक शिक्षा, अवधारणात्मक समझ, उच्च शिक्षा में क्षमता व समावेश, व्यावसायिक शिक्षा, गुणात्मक अकादमिक अनुसंधान, नियामक प्रणाली आदि विषयों को सम्मिलित करते हुए भारतीय उच्चतर शिक्षा व्यवस्था हेतु एक नया और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण स्थापित करने में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका पर चर्चा की जायेगी।सेमीनार संयोजिका डॉ. नीलम लोढा ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार में प्रो.एम.एल. शर्मा, रिटायर्ड प्रिसिंपल,राजकीय महाविद्यालय,बांसवाडा मुख्य वक्ता के रूप में व प्रो. गिरीश सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग- एसडी कॉलेज, ब्यावर व प्रो. बी.एल. जाखड राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विशेषज्ञ, जोधपुर बतौर रिसोर्स पर्सन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### विद्यालयों में अवकाश घोषित

**अजमेर, (कासं)।** अत्यधिक बाढ़ एवं बारिश की सम्भावना को देखते हुए अजमेर जिले के विद्यालयों में 7 एवं 8 सितम्बर को अवकाश घोषित किया गया है। कार्यवाहक जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मौसम विभाग एवं अन्य अभिकरणों द्वारा अजमेर जिले के लिए अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की सम्भावना का अलर्ट जारी किया गया है। विद्यार्थियों को सम्भावित अनहोनी घटना से बचाने एवं व्यापक विद्यार्थी हित और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा प्रथम से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए शनिवार 7 सितम्बर एवं रविवार 8 सितम्बर को पूरी तरह से अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ द्वारा यथावत कार्य किया जाएगा। किसी संस्था प्रधान द्वारा आदेशों की अवहेलना कर विद्यालय संचालन करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आपदा प्रबन्धन नियम-2005 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### ईद मिलादुन्नबी का जश्न शुरू

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ईद मिलादुन्नबी के पावन महीने के जश्न की शुरुआत आज तंजीम मुस्लेमीन सेवा सोसायटी के कार्यालय हुसैन कॉलोनी पर परचम कुशाई (ध्वजारोहण) से हुई। जिसमे मौलाना हफीजुर रहमान साहब, काजी ए शहर मुफ्ती अशरफ जिलानी अजहरी साहब, मौलाना सलीम अकबरी साहब और तमाम मसाजिद के आइम्मा साहिबान की शिरकत रही। तंजीम की तरफ से सोलंकी वाटिका में नियाज़ का एहतमाम भी किया गया, नियाज़ से पहले मौलाना हफीजुर रहमान साहब, मुफ्ती अशरफ जिलानी साहब, मौलाना सलीम अकबरी साहब ने पैगंबर ए आजम हज़रत मुहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला, लोगो से आप के बताए हुए सच्चाई, रहमदिली और जरूरत मंद की खिदमत के रास्ते पर चलने की अपील की प्रोग्राम के आखिर में तंजीम के सदर शहाबुद्दीन शेख ने सभी लोगो का शुक्रिया अदा किया और बताया कि ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 16 सितंबर को सोमवार को बड़े ही धूमधाम और शांतिपूर्वक निकाला जाएगा।

### ए.डी.ए. ने हटाया अतिकमण

**अजमेर, (कासं)।** काकरडा भूणाबॉय में अजमेर विकास प्राधिकरण के स्वामित्व की खसरा नम्बर 914 पर हो रहे अवैध अतिकमण को शुकवार को एडीए द्वारा जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। एडीए उपायुक्त भरत राज गुर्जर ने बताया कि उपरोक्त खसरे की जमीन पर गोमा खान पुत्र अजीज खान द्वारा अतिकमण करने की सूचना मिली थी। जिस पर दो माह पूर्व नोटिस देकर अतिकमण हटाने के लिए कहा गया साथ ही किसी भी प्रकार का निर्माण नही करने की हिदायत दी गई थी, लेकिन गोमा खान ने अवैध अतिकमण करते हुए उक्त भूमि पर दो मकान एक ऑफिस बना लिए थे व अन्य भूमि पर सडक बनाकर प्लाट बेचेने की तैयारी की जा रही थी। जिसे शुकवार को ध्वस्त कर दिया। इस कार्यवाही में एडीए पटवारी राजप्रकाश, निशांत, महिपाल सिंह सहित एडीए दल मौजूद रहा।

### क्विज प्रतियोगिता की दी जानकारी

**आसीन्द, (निसं)।** भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र आसींद के सेंटर मैनेजर रुकसाना बानो और डाटा एंट्री ऑपरेटर भैरू खटीक और फील्ड कोऑर्डिनेटर खुदा बख्श ने आसींद के आचार्य श्री महाप्रज्ञ इंस्टिट्यूट ऑफ़ एक्सीलेंस कॉलेज में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना व सफलतापूर्वक संचालन के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रिजर्व बैंक द्वारा कॉलेज के छात्रों के लिए क्विज 90 का आयोजन करवाया जा रहा है।

## बुजुर्ग महिला से ठगी, बदमाश गहने लेकर फरार

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। दो शातिर बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को झांसा देकर बातों में उलझाया और सोने के जेवरात उतरवाकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केशव नगर निवासी माया यादव ने दो शातिर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित बुजुर्ग महिला ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने घर से मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, बीच रास्ते में दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और उसे रोक लिया और एक डॉक्टर के बारे में पूछा जिस पर उसने मना कर दिया।

## तीर्थनगरी पुष्कर में एक बार फिर जमकर बरसे बदरा

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर में शुक्रवार को एक बार फिर इंद्र देव जमकर मेहरबान हुए और लगातार दो घंटे तक भारी बारिश हई ।बारिश से पुष्कर सरोवर के जलस्तर ने एकबार फिर इस सीजन के रिकॉर्ड 27 फ़ीट की बराबरी कर ली ।

शुक्रवार को हुई बारिश से पुष्कर सरोवर में करीब 7 फ़ीट पानी की आवक हुई ।सुबह साढ़े 9 बजे शुरू हुआ बारिश का सिलसिला साढ़े 11 बजे तक चलता रहा ।लगातार हुई बारिश से इस सीजन में 5 अगस्त के बाद दूसरी बार छोटी और बड़ी पुलिया से संपर्क टूट गया । पुलिया के पीछे डुबक्षेत्र की होटलों और पुष्कर की निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात हो गए ।प्रशासन की और से बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गये।

शुक्रवार की बारिश से पंचकुंड, कपिलकुण्ड, अगस्त मुनि, वामदेव, गाजबाज, जमनीकुंड सहित सभी नाहरोल से पानी चला जिससे पुष्कर फीडर, सावित्री फीडर, खरेकडी फीडर से पुष्कर सरोवर में पानी की बम्पर आवक हई । तीर्थ पुरोहितो ने बताया यदि एक दो दिनों में ऐसी एक और बारिश हुई तो सरोवर में पानी की आवक का 1975 का रिकॉर्ड टूट सकता है ।

**डुबक्षेत्र और निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात:-** पुष्कर में आज हुई लगातार दो घंटे की बारिश से 5 अगस्त के बाद आज एकबार फिर डुबक्षेत्र और निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात हो गए । डुबक्षेत्र की होटलों,खेतो और घरों मे पानी घुस गया। खतरे को देखते हुए लोगो ने सुरक्षित स्थानों की और रुख कर लिया। वही वराह घाट के आस पास,सावित्री मार्ग,पुराने मंदिर के पास,गुरुद्वारों के पास और माली मोहल्ले में पानी घरों और दुकानों में प्रवेश कर गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास मुख्य राजमार्ग पर जलभराव से आवागमन बाधित रहा। गुरुद्वारे के पीछे भी वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी।

**एसडीएम ने लिया हालातो का जायजा:-** लगातार बारिश के बाद पुष्कर के डूब क्षेत्र में हालात बिगड़ते लगे। इसके बाद पुष्कर उपखंड अधिकारी निखिल कुमार पोद्दार ने सिविल डिफेंस टीम के साथ हालातो का जायजा लिया और बचाव और राहत कार्य के लिये आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

## तेज बारिश में भदेल ने किया विधानसभा क्षेत्र का दौरा

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण से भाजपा विधायक अनिता भदेल ने शुक्रवार को तेज बारिश के दौरान ही पूरे क्षेत्र का मौका निरीक्षण कर क्षेत्र की वस्तुस्थिति को जाना, लोगों के हालात देखे। विधायक भदेल कार्यकताओं के साथ स्वयं बरसाती पानी में घुस कर नीचली कॉलोनियां का मुआयना कर लोगों की बदहाली को जाना। प्रशासन की अनदेखी व मनमानी के कारण गलियां को 3-4 फुट तक पानी भरा हुआ है और घरों में डेढ से दो फुट पानी भरा हुआ है। लोग अपने घरेलू सामानों को पानी में बहता देख रहे है। गंदा पानी घरों में आने के कारण पूरे घर में दुर्गंध फैल गई है। इसका उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि गुडलक पुलिया को स्मार्ट सिटी के तहत प्रशासन द्वारा जबरदस्ती बनाया गया है, जिसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। क्षेत्रवासियों व जनप्रतिधिनियों द्वारा बार-बार मना किया गया था। परन्तु स्मार्ट सिटी के तहत आनन-फानन में इस पुलिया को इतनी ऊंचाई लेकर बना दिया, जिसके कारण गुडलक पुलिया के दोनों तरफ पानी भरा रहता है और पानी घरों में घुस रहा है। इसी प्रकार नाले की सफाई करने के लिए जो रेम्प बनाए है, वे भी बहाव क्षेत्र में ही बना दिए है, जिसके कारण बरसात के पानी का बहाव रूक गया है और पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरो में घुस रहा है, जिसके कारण पाल बिचला क्षेत्र के जैन मन्दिर वाली गली, गुडलक पुलिया के आसपास का क्षेत्र, चौहान नगर आदि क्षेत्र में अलग-अलग जगह पानी भर गया है। उक्त क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को देखने के लिए नगर निगम कमिशनर को मौके पर बुलाया गया और क्षेत्रवासियों की परेशानी बताई गई।

## श्रद्धा संस्थान की बैठक का हुआ आयोजन

**आसीन्द, (निसं)।** आसींद कस्बे में स्वयं सहायता समूहों के गठन को लेकर श्रद्धा संस्थान के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया वहीं बैठक में बताया कि वर्तमान में भीलवाड़ा जिले के आसींद एवं गंगापुर नगर पालिका क्षेत्र में आजीविका मिशन का तहत स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाएगा तथा इन स्वयं सहायता समूह को ऋण उपलब्ध करवाना तथा उन्हें स्वरोजगार को जोड़ने हेतु श्रद्धा संस्थान निरंतर सक्रिय एवं प्रयत्नशील है आसींद प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को ऑनलाइन प्रक्रिया से ऋण उपलब्ध करवाना तथा रिवाल्विंग फंड दिलवाने हेतु पूर्णतया अस्वस्थ करता हूं रिवाल्विंग फंड के जरिए पवन शर्मा ने भीलवाडा नगर निगम में प्रभारी परीक्षित जैन से संपर्क किया वहीं इस योजना हेतु अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका सीओ पवन शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

## गणेश जन्मोत्सव आज

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर में शिवसागर पाल स्थित प्राचीन मंशापूर्ण गणेश मंदिर में आज गणेश जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा वहीं आज प्रात: 6 बजे से 9 तक प्रात: कालीन दर्शन होंगे प्रात: 9 बजे से मंदिर के पट बंद होंगे जो दोपहर साढ़े बारह बजे जन्मोत्सव आरती व श्रृंगार दर्शन पर खुलेंगे आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा इस दौरान भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा गणेश जन्मोत्सव पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होगा महोत्सव को लेकर मंदिर की आकर्षक सजावट की गई।

## कुएं में डूबने से महिला व युवक की मौत

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा थाना क्षेत्र के फतेहगढ़ मरायला गांव के पास एक महिला ओर एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस की मदद से दोनों के शवो को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मसूदा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखाये। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागचंद और पानी देवी अपने खेत पर कार्य कर रहे थे। इस दौरान भागचंद और पानी देवी खेत पर कुएं में लगी मोटर को बाहर निकाल रहे थे। उसी दौरान पानी देवी का पैर फिसल जाने से वह कुएं में गिर गई। उसे बचाने के लिए भागचंद भी कुएं में कूद गया। इस दौरान दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मसूदा पुलिस थाना अधिकारी गणपत राम मेघवाल मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों के शवो को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप जांच शुरू कर दी।

घटना की जानकारी मिलने पर मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत चिकित्सालय पहुंच कर घटना की जानकारी ली स्थानीय प्रशासन से घटना से अवगत कराया गया लोगों को जैसे-जैसे घटना की जानकारी मिली शेरगढ़ सरपंच देशराज चौधरी, उपसरपंच कैलाश, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रमजान कुरैशी पूर्व पंचायत समिति सदस्य नारायण लाल तेली सहित दर्जनों ग्रामीण चिकित्सालय में मौजूद रहे। दोनों एक ही परिवार के थे दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में छाई शोक की लहर, परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा।





भारतीय फुटबाल को बेहतर बनाना हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी चाहते हैं कि इंडियन सुपर लीग की बहुत चर्चा हो। मुझे लगता है कि हम 8-10 वर्षों में फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए काम कर पाएंगे। भारत में सच्ची क्षमता है। - **ओवेन कॉयले**

**चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच, भारतीय फुटबाल के बारे में कहा।**

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**पुर्तगाल** के स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रचा है। वो अधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले मेल फुटबॉलर बने हैं। उन्होंने गुरुवार को यूईएफए नेशनल लीग में क्रोएशिया के खिलाफ गोल दागकर ये उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली के साथ ऐतिहासिक गोल किया और पुर्गाल को 34वें मिनट में 2-0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने ये मुकाबला 2-1 से जीता।बता दें कि, रोनाल्डो ने 900वां गोल करने के बाद कहा कि, ये बहुत मायने रखता है। ये एक ऐसा मील का पत्थर था जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## भारतीय पैरा पावरलिफ्टर अशोक छठे स्थान पर रहे

पेरिस, 6 सितम्बर। भारत के पावरलिफ्टर अशोक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके और बृहस्पतिवार को यहां पैरालिंपिक में पुरुषों की 65 किग्रा पैरा पावरलिफ्टिंग के फाइनल में छठे स्थान पर रहे। अशोक ने पहले प्रयास में 196 किग्रा का वजन उठाया। इसके बाद 199 किग्रा और 206 किग्रा का भार उठाया। लेकिन यह पोडियम पर पहुंचाने के के लिए काफी नहीं था और आखिरकार वह आठ प्रतियोगियों में से छठे स्थान पर रहे। चीन के यी जू ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता जबकि ब्रिटेन के मार्क स्वान ने रजत पदक जीता। कांस्य पदक अल्जीरिया के होसीन बेटिर के नाम रहा।

## दीपेश भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में सातवें स्थान पर रहे

पेरिस, 6 सितंबर। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी दीपेश कुमार शुक्रवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के एफ54 फाइनल मुकाबले में सातवें स्थान पर रहे। दीपेश ने आज खेले गए भाला फेंक स्पर्धा के एफ54 फाइनल मुकाबले में 26.11 मीटर का थ्रो फेंका और सातवें स्थान पर रहे। इस तरह पैरालिंपिक खेलों में दीपेश का अभियान समाप्त हो गया।

## दिलीप 400 मीटर टी-47 के फाइनल में, सिमरन 200 मीटर टी-12 के सेमीफाइनल में

पेरिस, 6 सितंबर। एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। वहीं दृष्टिबाधित एथलीट सिमरन शर्मा ने भी महिला 200 मीटर टी12 राउंड 1 दौड़ में पांचवें स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। मुकाबले में पैरा एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 राउंड 1 में 49.54 समय के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए फाइनल में जगह बनाई। दिलीप अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहे।

## यश और प्राची नौकायन स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, 6 सितंबर। एथलीट यश कुमार ने पैराकैनो केएल1 200 मीटर स्पर्धा के पुरुष वर्ग में और प्राची यादव ने महिला एकल 200 मीटर वीएल2 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पुरुष वर्ग मुकाबले में यश ने 1:03.27 के समय के साथ छठा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग के मुकाबले में प्राची यादव ने 1:06.83 के समय के साथ हीट 1 में चौथे स्थान के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक

### भारत को दिलाया 26वां पदक, टोक्यो पैरालिंपिक में रजत पदक जीता था

पेरिस, 6 सितंबर। भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रवीण ने आज यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

टोक्यो पैरालिंपिक खेलों के रजत पदक विजेता प्रवीण कुमार (टी44) ने इस बार अपने जोरदार प्रदर्शन से रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदल दिया। इसी के साथ ही प्रवीण ने क्षेत्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। इस पदक के साथ ही पैरालिंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है।



उत्तर प्रदेश में नोएडा के गोविंदगढ़ में जन्मे प्रवीण ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की एवं टोक्यो पैरालिंपिक 2020 खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक जीता था।

उन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रवीण ने हाल में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता और पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया




नई दिल्ली, 6 सितम्बर। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा।चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने गुरुवार को ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमश: 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे।

चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पीटर्स ने तब 90.61 मीटर थ्रो किया था। पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा ने पिछले महीने अपनी आगे की योजना के बारे में कहा था,"सबसे पहले मुझे चिकित्सक के पास जाकर अपनी कमर को पूरी तरह से फिट बनाना है। मुझे अपनी तकनीक पर भी काम करना है जिसके बाद मैं दूर तक फेंकने की कोशिश करूंगा।" चोपड़ा ने 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी। वह पिछले साल अमेरिका के यूजीन में खेले गए डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। डायमंड लीग के फाइनल के विजेता को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30000 अमेरिकी डॉलर और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड मिलता है।

## पैरालिंपिक 2024 के समापन सेरेमनी में हरविंदर और प्रीति होंगे भारत के ध्वजवाहक

पेरिस, 6 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक 2024 अपने समाप्ती की तरफ बढ़ रहा है। पैरालिंपिक 2024 में भारत का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। वहीं रविवार को पैरालिंपिक 2024 का समापान समारोह होगा। जिसमें तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालिंपिक में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली प्रीति पाल भारत के ध्वजवाहक होंगे।

बता दें कि, हरविंदर सिंह ने पैरालिंपिक में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बनकर इतिहास रचा था।हरविंदर ने कहा कि समापन समारोह के दौरान भारतीय ध्वज पकड़ना उनके लिए सर्वोच्च सम्मान की बात की है जिसका उन्होंने सपना देखा था। उन्होंने कहा कि, भारत के लिए स्वर्ण जीतना ऐसा सपना था जो पूरा हो गया है। अब समापन समारोह में ध्वजवाहक बनने का सर्वोच्च सम्मान मिलना जो मेरा सपना था वो पूरा हो रहा है। ये जीत उन सभी लोगों की है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे उम्मीद है कि मैं उन लोगों को प्रेरित करूंगा जो सपने पूरा करना चाहते हैं।



प्रीति ने पेरिस पैरालिंपिक में महिला टी35 स्पर्धा में 100 मीटर और मीटर में क्रमश: 14.21 सेकेंड और 30.01 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा कि वह इस खबर से रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि ध्वजवाहक के तौर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। ये पहल सिर्फ मेरे लिए नहीं है, जबकि सबी पैरा एथलीटों के लिए है जिन्होंने अपनी क्षमता से आगे बढ़कर देश को गौरवान्वित किया है। मैं समापन समारोह में अपनी अभूतपूर्व टीम का नेतृत्व करने के लिए रोमांचित हूं।

## मुशीर दोहरे शतक से चूके, इंडिया-बी का मजबूत स्कोर

बेंगलुरु, 6 सितंबर। इंडिया बी ने यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेली जा रही चार दिवसीय दलीप ट्राफी के पहले मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन मुशीर खान की शानदार 181 रनों की शतकीय पारी एवं नवदीप सैनी के अद्धर्शतक (56) की बदौलत पहली पारी में 321 का स्कोर खड़ा कर लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया ने दो विकेट पर 134 रन बना लिये है।

मुशीर ने अपने कल के 105 रनों से आगे खेलते हुए स्कोर को 181 रनों तक ले गए। एक समय पर वह अपने दोहरे शतक की ओर बढ़ते हुए दिख रहे थे तभी कुलदीप ने उन्हें रियान के हाथों कैच आउट कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। मुशीर के अलावा नवदीप सैनी ने भी (56) अद्धर्शतक पूरा किया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 30 रनों का योगदान दिया। पांच बल्लेबाज दहाई अंकों में भी नहीं पहुंच पाए जबकि मुकेश कुमार शून्य पर नाबाद रहे। इंडिया ए के गेंदबाजों में आकाश दीप सबसे सफल गेंदबाज रहे।

## विक्रम और रंगना सिखायेंगे न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के गुर

नयी दिल्ली, 6 सितंबर। पूर्व भारतीय बल्लेबाज विक्रम राठौड़ और श्रीलंका के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर रंगना हेराथ न्यूजीलैंड की टीम को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के गुर सिखायेंगे। राठौड़ न्यूजीलैंड की टीम के साथ जुड़ गये है। वह ठोटर नोएडा में होने वाले एकमात्र न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी सलाहकार होंगे। इसके ही साथ श्रीलंका के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर रंगना हेराथ भी बतौर स्पिन गेंदबाजी कोच न्यूजीलैंड के साथ होंगे। राठौड़ जहां 9 सितंबर से शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट के लिए जुड़े हैं।

वहीं हेराथ न्यूजीलैंड के अगले तीन टेस्ट तक साथ रहेंगे। एक टेस्ट मैच अफगानिस्तान और दो श्रीलंका के साथ होना है। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, विश्व क्रिकेट में इन दोनों ही शख़्सियतों की एक अलग पहचान है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी इन दोनों से सीखने के इस अवसर को पूरी तरह भुनाने की प्रयास करेंगे। हेराथ को लेकर स्टीड ने कहा, हमारे तीन बाएं हाथ के स्पिनर, एजाज, मिच सैंटनर और रचिन को अगले तीन टेस्ट मैचों में हेराथ से बहुत मदद मिलेगी और इसका हमें भरपूर फ़ायदा होगा। हेराथ ने गॉल में 100 से अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं जहां हमें दो टेस्ट मैच खेलने हैं, उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।

श्रीलंका के दौरे के बाद न्यूजीलैंड की भारत के साथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम वापस भारत आएगी। ये मैच बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। हेराथ के नाम 93 टेस्ट मैचों में 433 विकेट हैं, वह सकलैन मुश्ताक के स्थान पर न्यूजीलैंड के साथ जुड़ रहे हैं। मुश्ताक़ अब उन पांच मेंटॉर में से एक हैं जिन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने साथ जोड़ा है। जबकि हेराथ हाल ही में बंगलादेश के स्पिन गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। राठौड़ भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच रह चुके है। उन्होंने भारत के लिए छह टेस्ट खेले है। हाल ही में भारत के टी-20 विश्वकप चैंपियन बनने के बाद उनका अनुबंध समाप्त हुआ है, इससे पहले वह 2012 में राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रह चुके हैं।



## राहुल द्रविड़ बने आर.आर. के प्रमुख कोच

नयी दिल्ली, 6 सितंबर। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज और कोच रहे राहुल द्रविड़ को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का प्रमुख कोच बनाया गया है। आर आर में वापसी के बाद द्रविड़ ने कहा, मैं फ्रेंचाइजी में वापसी कर बहुत खुश हूं और यह मेरे 'घर' जैसा है। विश्व कप के बाद मेरे लिए एक और चुनौती लेने का यह सही समय है और रॉयल्स इसके लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। पिछले कुछ वर्षों में फ्रैंचाइजी ने जो प्रगति की है, उसमें टीम प्रबंधन का बहुत सारा कठिन परिश्रम शामिल है। हमारे पास जो प्रतिभा और संसाधन हैं, उनके साथ मैं इस टीम को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तत्पर हूं।

# राजधानी



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में मेहंदी पूजन एंव आरती में शामिल हुए। सिंजारा महोत्सव के अवसर पर गणपति को अर्पित होने वाले शुभ डंके भक्तों को वितरित किये।**

## मणिपुर में तीन स्थान पर जयपुर फुट के शिविर लगाये

**जयपुर**, (का.सं.)। मणिपुर राज्य के विकलांगों के पुर्नवास के लिए भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने मणिपुर के तीन स्थानों में जयपुर फुट शिविर का आयोजन किया है।

मणिपुर की राजधानी इम्फाल में आयोजित दो दिवसीय शिविर में विकलांगों को जयपुर फुट के अलावा कृत्रिम हाथ भी लगाए गए। इसके अलावा 114 श्रवण यंत्र, 35 व्हीलचेयर्स, 11 ट्राई साईकिल, 14 बैसाखियाँ तथा बीस वाकिंग स्टिक विकलांगों को नि:शुल्क बाँटे गए।

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की कार्यकारिणी के सदस्य और पूर्व महाअधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना के नेतृत्व में बी.एम.वी.एस.एस. का एक तकनिकी दल मणीपुर में विकलांगों को कृत्रिम अंग और उपकरण उपलब्ध करा रहा है।

बापना ने बताया कि इम्फाल का शिविर मणीपुर सरकार के नि:शक्तजन आयुक्त विभाग, इन्टरफेम फोरम, विकलांग कल्याणार्थ संघ, मणीपुर सुमंग लीला परिषद, ब्रह्म सभा, श्री गोविन्द जी मन्दिर और राजीव भाग्य चन्द्र सांस्कृतिक फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा हैं। इम्फाल के शिविर के बाद शुक्रवार से दो दिवसीय शिविर चुरचन्द्रपुर में आरम्भ हुआ। इस शिविरी के बाद 9 और 10 सितम्बर को कंगपोकपी में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दीं

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश की आराधना से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं, इसलिए हम हर शुभ कार्य करने से पहले उनका पूजन करते हैं।

## लापता राहुल का 5 दिन बाद भी सुराग नहीं

**जयपुर**। शास्त्री नगर इलाके में स्थित पर्वतीय कॉलोनी से चरण मंदिर घूमने निकले दो सगे भाईयों में से आशीष का शव झाड़ियों में मिलने के बाद, पुलिस के लिए राहुल एक रहस्य बना हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन राहुल को तलाशने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटी है। पांच दिन में प्रशासन ने सात एजेंसियों की मदद ली। इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी अरावली की पहाड़ियों के चप्पेदृचप्पे की तलाशी ली गई। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नही लगी। इसके अलावा पुलिस ने गुरुवार को हेलीकॉप्टर से भी नाहरगढ़ की अरावली पहाडियों को छान मारा। राहुल की तलाश में गठित सात एजेंसियों के अलावा ड्रोन कैमरों से भी नाहरगढ में स्थित अरावली पहाड़ियों के चप्पे-चप्पे की छानबीन की जा रही है। इसके अलावा पुलिस की टीम पहाड़ियों में बकरिया चराने वाले पशुपालकों से भी पूछताछ करने में जुटी है।

# 108 आई.ए.एस. के तबादले

**जयपुर**। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 108 अफसरों के तबादले किये हैं। इसमें जयपुर समेत 13 जिलों के कलेक्टर बदले हैं। इसके साथ ही कई संभागीय आयुक्त और प्रमुख विभागों के अफसरों को बदला गया है। जयपुर में कलेक्टर के पद पर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी को लगाया गया है।

आदेशानुसार शुभ्रा सिंह को अध्यक्ष राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम व राजस्थान राज्य बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार, श्रेया गुहा को अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग व महानिदेशक हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशिक्षण का अतिरिक्त प्रभार, भास्कर आत्माराम सावंत को प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अश्विनी भगत को प्रमुख शासन सचिव अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग, राजेश कुमार यादव प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग व अध्यक्ष जयपूर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार, हेमंत कुमार गेरा को अध्यक्ष राजस्व मंडल अजमेर, गायत्री राठौड़ को प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं पंचायती राज विभाग व चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव का अतिरिक्त प्रभार, वैभव गालरिया को प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान आवासन मंडल का अध्यक्ष एवं सीएमडी जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार, टी.रविकांत को प्रमुख शासन सचिव खान एवं पैट्रोलियम विभाग, सुबीर कुमार को प्रमुख शासन सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, भवानी सिंह देथा को सदस्य राजस्व मंडल अजमेर, विकास सीतारामजी भाले को अध्यक्ष राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, मंजू राजपाल को शासन सचिव एवं पंजीयक, सहकारिता विभाग, नवीन जैन को शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग, डॉ कृष्ण कांत पाठक को शासन सचिव, कार्मिक विभाग व प्रशासनिक सुधार विभाग के शासन सचिव का अतिरिक्त प्रभार, भानू प्रकाश एटूरू को शासन सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, डॉ. नीरज कुमार पवन को शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, रवि जैन को शासन सचिव पर्यटन विभाग कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं महानिदेशक जवाहर कला केंद्र, डॉ. समित शर्मा को शासन सचिव पशुपालन मत्स्य एवं गौ-पालन विभाग व कौशल एवं उद्यमिता विभाग में शासन सचिव व आरएसएलडीसी में सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार, डॉ. रवि कुमार सुरपुर को शासन सचिव वित्त (राजस्व) विभाग, डॉ. आरूषि अजेय मलिक को शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डॉ. जोगाराम को शासन सचिव सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवाल, सम्पदा, स्टेट मोटर गैराज एवं नागरिक उड्डयन विभाग को लगाया है। इसके अलावा महेन्द्र खड़गावत को निदेशक अभिलेखागार विभाग बीकानेर के पद पर लगाया है।

## 386 आर.ए.एस. को बदला

सरकार ने आज एक आदेश जारी कर राजस्थान प्रशासनिक विभाग के 386 अधिकारियों के तबादले किये हैं।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सवाई माधोपुर
राजकीय आयुर्वेद औषधालय के पास, सामान्य चिकित्सालय परिसर, सवाई माधोपुर, फोनः 07462-233169
email : eemhswm@gmail.com, फोन-07462-233169

क्रमाकः1434 **ई-टेन्डिरिंग निविदा सूचना 12/2024-25** दिनांकः04/09/25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर सें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के बूंदी, स.माधोपुर व गंगापुरसिटी में विभिन्न स्थानों पर रू. 387.40 लाख के 3 निर्माण कार्य / विद्युत कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में विद्युत कार्य/निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN-MHS2425WSOB02808, UBN-MHS2425WSOB02809, UBN-MHS2425WSOB02810
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/8358/2024 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड सवाई माधोपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि., खण्ड धौलपुर**
क्रमांक -2070-2083 दिनांक:-02.09.2024
NIB code PWD2425A1252 and UBN is: PWD2425WSOB04558
NIB code PWD2425A1252 and UBN is: PWD2425WSOB04559
**कार्यालय आदेश**
इस कार्यालय के पत्रांक 1989-2007 दिनांक 25.08.2024 के द्वारा निविदा सूचना संख्या 04/2024-25, जो दिनांक 30.08.2024 से दिनांक 17.09.2024 तक ऑन लाईन डाली जाकर दिनांक 18.09.2024 को खोली जाने वाली निविदा में क्रम संख्या 01 पर अंकित कार्य में निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि 30.00 लाख के स्थान पर राशि 26.00 लाख पढ़ा जावें तथा धरोहर राशि क्रमशः 5200/रू0 एवं 13000/-रू देय होगी तथा क्रम संख्या 02 पर अंकित कार्य में निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. 45.00 लाख के स्थान पर राशि 39.00 लाख पढ़ा जावे तथा धरोहर राशि क्रमशः 78000/रू0 एवं 19500/-रू0 देय होगी। निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।
नवीन आनन्द
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.खण्ड धौलपुर
DIPR/C/8265/2024

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
अजमेर वृत, लोहाखान, टेम्पो स्टेण्ड के पास, अजमेर
दूरभाष नं 0145-2970165, E-mail address:seajm.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक:- अधी/वृत/अज/2024-25/6428 दिनांक: 4/9/24
**निविदा सूचना संख्या 14/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा सूचना संख्या 14/2024-25 पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से आनलाइन सिस्टम ई-प्रोक्यूरमेण्ट वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की अनुमानित लागत रूपए 148.17 लाख है।
विस्तृत निविदा सूचना जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाइट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट एसपीपीपी, राजस्थान तथा ई-प्रोक्यूरमेण्ट वेबसाइट से दिनांक. 04.09.2024 से दिनांक 25.09.2024 को सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.09.2024 को प्रात: 11.00 बजे खोली जाएगी।
उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वैब साईट एस.पी.पी.पी पर आई डी क्रमांक PHE2425A1969 से तथा निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन यू.बी.एन. नम्बर PHE2425WSOBO4306 से किया गया है।
(भुवनेश्वर अग्निहोत्री) अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, वृत-अजमेर
DIPR/C/8316/2024

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य, अजमेर**
मृदंग सिनेमा के सामने, श्रीनगर रोड डिस्पेन्सरी के पास, पाल बीचला, अजमेर
दूरभाष नं. 0145-2424944, ई-मेल: eemhajmer@ymail.com
क्रमांक: ई0 ई0/अजमेर/24-25/796 दिनांक-04/09/2-24
**निविदा सूचना संख्या: 14/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राशि 372.86 लाख के ग्यारह (11) कार्यों (UBN No. NRH2425WSOB00876/ NRH2425WSOB00877/ NRH2425WSOB00878/ NRH2425WSOB00879/ NRH2425WSOB00880/ NRH2425WSOB00881/ NRH2425WSOB00882/ NRH2425WSOB00883/ NRH2425WSOB00884/ NRH2425WSOB00885/ NRH2425WSOB00886) हेतु राजस्थान सरकार के सी एवं उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http:/eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर
DIPR/C/8348/2024

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/(ML V)/2024/ई-08170
**ई-नीलामी विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खानिजों के खननपट्टों के आंवटन के लिए 83 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये गये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्यावर | जेतपुरा | ग्रेनाईट | 1 |
| 2 | बीकानेर | गोयलरी | बॉलक्ले एवं सिलिकासैण्ड | 2 |
| 3 | बालोतरा | मवडी | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 4 | करौली | कोटा | सेण्डस्टोन | 1 |
| 5 | सिरोही | फलवदी | ग्रेनाईट | 22 |
| 6 | चित्तौड़गढ़ | भीमलोद | चाईना क्ले,क्वार्टजाइट एवं मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 7 | चित्तौड़गढ़ | भाणुजा | चाइना क्ले | 4 |
| 8 | चित्तौड़गढ़ | सोमावास | चायना क्ले, क्वार्टजाईट व मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 9 | भीलवाड़ा | रूपाहेली खुर्द | ग्रनाईट, क्वार्टज फेल्सपार | 1 |
| 10 | भरतपुर | कोटकी | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 11 | पाली | हापत | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 12 | पाली | चवरडा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 13 | पाली | जवाली | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 14 | प्रतापगढ़ | लोहगढ़ | मारबल | 2 |
| 15 | सांचोर | चिरपटिया | ग्रेनाईट | 1 |
| 16 | डीग | बासबुर्जा | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 17 | उदयपुर | गुडली | क्वार्टज एवं फेल्सपार | 1 |
| 18 | जयपुर ग्रमीण | आसलपुर | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 19 | जोधपुर ग्रमीण | कास्टी | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 20 | जालोर | तवाब | ग्रनाईट | 2 |
| 21 | जैसलमेर | लोद्रवा | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 22 | नीमकाथाना | मोकलवास | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 23 | नागौर | पालडीव्यासा | मेसेनरी स्टोन | 24 |
| | | | योग | 83 |

विशेष नोट:-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC ltd. की वेबासइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।
(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक
DIPR/C/8231/2024

# आधुनिक सुविधाओं से गौवंश को त्वरित व प्रभावी उपचार मिलेगा- भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने देवनारायण गौशाला में आधुनिक गौ-चिकित्सालय का उद्घाटन किया

शाहपुरा, भीलवाड़ा,जयपुर, 6 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गौमाता का सनातन संस्कृति में हमेशा से सर्वोच्च स्थान रहा है। गौ-वंश की अपार महिमा के चलते ही छोटे से लेकर बड़े अनुष्ठानों में गाय को पूजा जाता है। गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि और आयुर्वेद का आधार एवं पर्यावरण संरक्षक माना गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए निरंतर अहम निर्णय ले रही है, जिससे गौवंश का संरक्षण और संवद्धर्न सुनिश्चित हो सके।

शर्मा शुक्रवार को शाहपुरा के कोटड़ी में श्री सुरभि गौ-चिकित्सालय, गौ गृह एवं आई.टी.आई. भवन के उद्घाटन और सामुदायिक भवन एवं किसान प्रशिक्षण सभागार के विस्तारीकरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की देवनारायण गौशाला में आधुनिक गौ चिकित्सालय की कमी के कारण श्री सुरभि चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया है। इस गौ चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से अब गौवंश का उपचार त्वरित और प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने दानदाताओं-भामाशाहों का इस चिकित्सालय में व्यापक प्रबंधन के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालकों के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण, पंजीकृत गौशालाओं के अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि, 100 गौशालाओं को रियायती दरों पर गौ काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न कार्य गौमाता के संवर्धन के लिए किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में शाहपुरा जिले के विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण एवं चौड़ाईकरण कार्य करवाए जाएंगे। औद्योगिक विकास के लिए यहां पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पंडेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, जहाजपुर में कन्या महाविद्यालय, कोटड़ी में नवीन महाविद्यालय, जहाजपुर में जनजाति छात्रावास और सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोलने जैसे अहम निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन भी किया जा रहा है। बनेड़ा में खेल स्टेडियम, शाहपुरा में खेल अकादमी और काले हिरणों के संरक्षण के लिए शाहपुरा के आसोप क्षेत्र को आखेट निषिद्ध एवं कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र भी घोषित किया है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाहपुरा स्थित कोटड़ी में श्री सुरभि गौ-चिकित्सालय का उद्घाटन करने के बाद गौ-वंश की पूजा भी की। उनके साथ गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत भी मौजूद थे।*

- **मुख्यमंत्री ने कहा, गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि व आयुर्वेद का आधार व पर्यावरण संरक्षक माना गया है।**
- **इस अवसर पर मु.मंत्री ने बताया कि शाहपुरा जिले में औद्योगिक क्षेत्र तथा महाविद्यालय, जनजाति बालिका छात्रावास खोले जायेंगे।**

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता की पूजा को महत्वपूर्ण बताया गया है तथा हमारे जीवन में भी गौवंश बहुत उपयोगी है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने देवनारायण गौशाला में गौमाता का पूजन किया। कार्यक्रम में सांसद राजेन्द्र गहलोत, दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपीचंद मीणा, अशोक कोठारी, उदयलाल भड़ाना, लादूलाल पीतलिया, गोपाल लाल शर्मा, संत राधाकृष्ण महाराज, आर.एस.एस. के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटड़ी के चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में भगवान चारभुजा नाथ और सर्वेश्वर महादेव के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना की।

# बी.जे.डी. सांसद सुजीत कुमार भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली, 6 सितंबर (वार्ता) बीजू जनता दल (बीजद)के राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,ओडिशा के प्रभारी विजय पाल तोमर, वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की उपस्थिति में सुजीत कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ओडिशा के कालाहांडी के रहने वाले सुजीत कुमार ने इससे पहले राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। राजनीति में आने से पहले वह अमेरिका के हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में कार्य कर चुके हैं।

- **बी.जे.डी. के सांसद सुजीत कुमार को राज्य में बीजू जनता दल का बड़ा चेहरा माना जाता था तथा वे पूर्व मु.मंत्री नवीन पटनायक के भी काफी भरोसेमंद कहे जाते थे।**

# हरियाणा में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की वार्ता टूटने की कगार पर

## कांग्रेस ने हरियाणा में 90 में से 66 सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिये हैं तथा आप ने भी राज्य में 50 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने की तैयारी शुरु कर दी है

नई दिल्ली, 6 सितंबर। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं। इस बीच कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की शुक्रवार शाम नई दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत तमाम बड़े नेता मौजूद होंगे लेकिन राहुल गांधी के इस बैठक में शामिल होने पर सस्पेंस बना हुआ है क्योंकि उन्हें अमेरिका की यात्रा पर निकलना है। कांग्रेस ने देर रात हरियाणा के 21 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी तथा पार्टी ने 66 सीटों पर उम्मीदवार तय कर लिए हैं लेकिन उसका ऐलान अभी तक नहीं किया गया है।

वैसे पार्टी ने जिन 66 नामों को तय किया है, उन्हें निजी तौर पर बताया जा रहा है कि चुनाव की तैयारी करें। पार्टी सभी 66 नामों का ऐलान दो वजहों से नहीं कर रही है। पहली कि पार्टी को इस बात की आशंका है कि नामों की घोषणा होने से असंतुष्ट नेता बगावत या भितरघात ना कर दें और दूसरी वजह यह है कि अभी आप के साथ सीट बंटवारे पर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। राहुल गांधी की हरियाणा में आप पार्टी से चुनावी गठबंधन की रणनीति पूरी तरह से परवान नहीं चढ़ पाई है और कहा जा रहा है कि इस गठबंधन की बातचीत अब टूटने की कगार पर पहुँच चुकी है।

वैसे सूत्रों के मुताबिक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी आप के साथ गठबंधन को तैयार हो चुके हैं और आप को पांच सीटें देने को राजी हैं लेकिन आप 10 से कम सीटों पर मानने को तैयार नहीं है। कहा जा रहा है कि हुड्डा आप पार्टी को 5 से ज्यादा सीटें किसी सूरत में नहीं देनाा चाहते। उन्होंने आशंका जताई है कि ज्यादा सीटें आपा पार्टी को देने के कारण पार्टी में असंतुष्ट नेताओं की नाराजगी और बढ़ जायेगी। आम आदमी पार्टी फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपना रही है। दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने का इंतजार भी हो रहा है।

- **मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांग्रेस आप पार्टी को पांच सीटें देना चाहती थी, जबकि, आप पार्टी कम से कम 10 सीटों की मांग कर रही है।**
- **दूसरी ओर इस गठबंधन की वजह से वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भी नाराज थे, उनका कहना था कि इस गठबंधन की वजह से पार्टी में असंतुष्ट नेताओं की नाराज़गी और बढ़ जायेगी।**



*भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की लॉन्ग जम्प टी-64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया और एशिया का सर्वश्रेष्ठ लॉन्ग जम्प का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस पदक के साथ ही पैरालिंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है और भारत पैरालिंपिक खेलों की पदक सूची में 14वें पायदान पर पहुँच गया है।*

## 'असंगठित और निजी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बल्कि, यह एक महिला की पहचान और उसकी गरिमा का मौलिक पहलू है। अदालत ने कहा कि किसी महिला कर्मचारी को मातृत्व अवकाश देने में सिर्फ इस आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता कि वह आर.एस.आर.टी.सी. में काम कर रही है। मातृत्व अवकाश को लेकर वर्ष 2017 में संशोधन कर इसे 180 दिन का किया गया है। ऐसे में रोडवेज़ वर्ष 1965 के विनियम का सहारा लेकर सिर्फ 90 दिन का अवकाश नहीं दे सकता। याचिका में अधिवक्ता राम प्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता रोडवेज़ में कंडक्टर पद पर कार्यरत है। उसने संतान को जन्म देने के बाद 180 दिन का मातृत्व अवकाश लेने के लिए आवेदन किया, लेकिन उसे 90 दिन का अवकाश ही दिया गया। इसलिए उसे 90 दिन का अवकाश और दिलाया जाए। इसका विरोध करते हुए रोडवेज़ की ओर से कहा गया कि वर्ष 1965 के विनियम के नियम 74 के तहत 90 दिन का ही मातृत्व अवकाश दिया जा सकता है, इसलिए याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने केन्द्र और राज्य सरकार को असंगठित और निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को 180 दिन का अवकाश देने के संबंध में निर्देश देने और रोडवेज़ को याचिकाकर्ता को इसका लाभ देने को कहा है।

## भारत ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद किया गया है। इससे पहले 6 जून 2022 में इसका परीक्षण किया गया था। ये मिसाइल मारक क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## 'टायर फटने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व लापरवाही से बस चलाने से हुई है। उसकी लापरवाही के कारण ही बस ने डिवाइडर से टकराकर पलटी खाई। इस दुर्घटना को एक्ट ऑफ गॉड की श्रेणी में मानकर मुआवज़े से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसलिए बीमा कंपनी अपने क्लेम देने की जवाबदेही से बच नहीं सकती। अतः बीमा कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस, मृतक के वारिसों को क्षतिपूर्ति के तौर पर 1.65 करोड़ रुपए याचिका दायर करने की तारीख से 6 प्रतिशत ब्याज सहित दे। अदालत ने यह आदेश इंदू डंगायच व अन्य की क्लेम याचिका पर दिए। क्लेम याचिका में कहा गया कि 8 मार्च 2020 को याचिकाकर्ता के पति योगेन्द्र ढंगायच विपक्षी बीमा कंपनी से बीमित बस के जरिए अहमदाबाद से जयपुर आ रहे थे। शाम करीब 7.30 बजे अजमेर के आदर्श नगर थाना इलाके में बस चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन को डिवाइडर से टकरा दिया। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें बैठे योगेन्द्र की मौत हो गई। यह दुर्घटना बस चालक की लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने से कारण हुई। इसलिए उन्हें बीमा कंपनी व अन्य से क्लेम राशि दिलवाई जाए। जवाब में बीमा कंपनी ने कहा कि दुर्घटना चालक की लापरवाही से नहीं हुई। चलती बस का टायर फट गया था और यह घटना एक्ट ऑफ गॉड है। इसलिए क्लेम याचिका खारिज की जाए।

## मोहन भागवत ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आर.एस.एस. के कार्यक्रमों एवं समारोहों में भाग लेने पर लगी हुई थी। लगता है कि मेल-मिलाप एवं समझौतावादी इन प्रयासों के बावजूद, आर.एस.एस. एवं भाजपा के बीच का अविश्वास कम हुआ प्रतीत नहीं हुआ है।

उल्लेखनीय है कि केरल में आयोजित त्रिदिवसीय बैठक की शुरुआत से एक दिन पूर्व, मुम्बई में आयोजित "फिनटैक ग्लोबल समिट" में प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने चौथे कार्यकाल की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वे "2029 में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के 10वें संस्करण में भी यहाँ होंगे।" संसद में स्पष्ट बहुमत लाने में भाजपा के असफल रहने के बाद, इस प्रकार की अफवाहें जोरों पर हैं कि आर.एस.एस. तथा भाजपा के अंदर मौजूद प्रधानमंत्री पद आकांक्षी नेताओं ने भी पार्टी को आगे ले जाने के लिये मोदी से परे देखना शुरु कर दिया है। मोदी की सोच के अनुसार, पहली और दूसरी बार ही नहीं बल्कि तीसरी बार भी जनादेश उनके लिये मिला था, भाजपा के लिये नहीं।

जाहिर है, मोहन भागवत इस बात से असहमत हैं तथा बार-बार चेतावनी के संकेत दे रहे हैं।

उन्होंने एक बार फिर पुणे में बड़ा गूढ़ बयान दिया। उन्होंने कहा कि, "कुछ लोग सोचते हैं कि शान्त-अशान्त रहने के बजाय, हमें आकाशीय बिजली की तरह चमकना चाहिये। लेकिन जब बिजली चमकती है, उसके बाद अँधेरा पहले से भी ज्यादा गहरा हो जाता है। इसलिये, कार्यकर्ताओं को दीपकों की तरह जलना चाहिये तथा आवश्यक हो जाने पर ही चमकना चाहिये।"

## विनेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उस वक्त यदि यह बात स्पष्ट नहीं थी, तो अब पूरी तरह स्पष्ट है।"


कांग्रेस को उम्मीद है कि - इन दोनों पहलवानों के पार्टी में आने से आगामी चुनावों में जाट वोटर्स में पार्टी की संभावनाएं बेहतर बनेंगी, साथ ही इससे राजस्थान, दिल्ली और उत्तरप्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में सकारात्मक संदेश जाएगा।

पिछले माह, अधिक वजन के कारण जब विनेश फोगाट ओलंपिक मैडल हासिल करने से वंचित रह गई थीं, तब भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने उन्हें राज्यसभा सीट देने का प्रस्ताव दिया था।

## 'सूचना प्रौद्योगिकी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शर्मा की रिविजन याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालती आदेश की पालना में ए.सी.बी. के डी.जी. रवि मेहरडा अदालत में हाजिर हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि आपके विभाग ने मामले में एफ.आर. कैसे लगा दी, लेकिन डी.जी. ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर अदालत ने उनसे कहा कि सही दिशा तो यह होती कि आप टैंडरों की जांच करते कि किसे कितना पैसा मिला व किसे टैंडर मिला। दूसरी तरफ, याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ए.सी.बी. ने गलत तौर पर एफ.आर. लगाई है, डी.ओ.आई.टी. में बहुत भ्रष्टाचार है। अदालत ने ए.सी.बी. के डी.जी. को मौखिक रूप से कहा कि वे विभाग के पिछले पांच साल के सभी टैंडरों की जांच करें और इसकी रिपोर्ट चार सप्ताह में कोर्ट में पेश करें। ए.सी.बी. डीजी ने अदालत से कहा, टैंडरों की संख्या अधिक होने के कारण जांच पूरी करने के लिए अधिक समय दिया जाए, लेकिन अदालत ने इससे मना करते हुए कहा कि जांच शुरू होने के बाद यदि समय कम रहा तो उसे बाद में देखेंगे। याचिका में वर्ष 2019 में डी.ओ.आई. टी. विभाग के तत्कालीन उपनिदेशक कुलदीप यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में ए.सी.बी. की ओर से एफ.आर. लगाने को चुनौती दी गई है।



# 'सदा सूखाग्रस्त रहने वाले देश के 45 प्रतिशत जिले बाढ़ की चपेट में'

## जलवायु परिवर्तन की अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, यह पिछली एक सदी में वायुमंडल के तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का परिणाम है

नयी दिल्ली, 6 सितंबर (वार्ता)। जलवायु परिवर्तन भारत में 85 प्रतिशत से अधिक जिले चक्रवात, बाढ़, सूखे और गर्मी के संकट से प्रभावित रहते हैं और जलवायु परिवर्तन से ऐसी प्राकृतिक आपदायें अधिक विनाशकारी होती जा रही हैं। यह बात आईपीई ग्लोबल और एसरी-इंडिया की शुक्रवार को जारी एकअध्ययन रिपोर्ट में कही गयी है।

अध्ययन में यह भी पाया गया है कि देश के 45 प्रतिशत जिले जो कभी सूखा-प्रवण होते थे, वहां बाढ़ का प्रकोप दिखने लगा है , इसी तरह जहां पहले बाढ़ की प्रवणता थी वहां सूखे के प्रकोप ने स्थान लेना शुरू कर दिया है। आईपीई ग्लोबल में जलवायु परिवर्तन और स्थिरता संबंधी कार्य-प्रभाग के प्रमुख और इस अध्ययन रिपोर्ट के लेखक अविनाश मोहंती ने कहा, " देश में हर 10 में से नौ लोग आज जलवायु संबंधी विनाशकारी घटनओं के जोखिम में हैं, यह पिछली एक सदी में वायुमंडल के तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का परिणाम है।

रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक घटनाओं की तीव्रता आवृत्ति, और इनके अप्रत्याशित रूप से घटित होने की प्रवृत्तियां चार गुना बढ़ गई हैं। इस अध्ययन में वर्ष 1973 से 2023 तक के 50 साल के कालखंड में चरम जलवायु घटनाओं की एक सूची संकलित कर करके उनकी जटिलताओं और परिवर्तनशील रुझानों और स्वरूपों की खोज करते हुये एक विस्तृत जिला-स्तरीय मूल्यांकन किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में ही इन जलवायु चरम सीमाओं में पांच गुना वृद्धि देखी गई है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि भारतीय जिलों का समग्र जलवायु जोखिम परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

इस अध्ययन को ईएसआरआई-इंडिया और उसके सहयोगी आईपीई ग्लोबल द्वारा आयोजित जलवायु प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र में जारी किया किया गया।

रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से देश की कृषि और उद्योगों तथा अवसंरचाना को जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से बचान के लिए अधिक विवरणात्मक जोखिम-आकलन को अपनाने और जलवायु-जोखिम वेधशालायें और अवसंरचना जलवायु कोष स्थापित करने की सिफारिशें की गयी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और असम के 60 प्रतिशत से अधिक जिले एक से अधिक चरम जलवायु घटनाओं का सामना कर रहे हैं। आईपीई ग्लोबल अध्ययन में पाया गया कि पूर्वी क्षेत्र के जिले अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं के लिए अधिक प्रवण हैं, इसके बाद भारत के उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र हैं। इन जिलों में अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं में 4 गुना वृद्धि हुई है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक, अगेंद्र कुमार ने कहा, नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए भविष्य के जलवायु के अनुमानों को समझना हो या इनके संबंध में प्रकृति-आधारित समाधान, तकनीकी समाधान या सामाजिक समाधान जैसे हस्तक्षेप के लिये कुशलतापूर्वक योजना बनाना, भौगोलिक सूचनायें महत्वपूर्ण हैं।

## 'सेबी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया है कि संसद द्वारा कानूनन निर्मित नियामक इकाइयों की जांच की जाए। पी.ए.सी. के प्रमुख के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि कमेटी बुच को पूछताछ के लिए बुलाने पर विचार कर रही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908